# विकसित भारत की संकल्पना को साइंटिफिक तरीके से बढ़ाएगा क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्रः योगी

□ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह संग लखनऊ में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र का बटन दबाकर शुभारंभ किया, यूपी के पास देश के 35-36 फीसदी खाद्यान्न उत्पादन की क्षमता, जरूरत इसे तकनीक के साथ जोड़कर आगे बढ़ाने कीः सीएम योगी, सीएम योगी ने प्रधानमंत्री मोदी व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह का जताया आभार, कहा- क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र से होगा यूपी को बड़ा लाभ

**पूर्वानुमान**

□ प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में किए गए कार्यों के परिणाम स्पष्ट दिखाई दे रहे





**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौसम पूर्वानुमान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में किए गए कार्यों के परिणाम स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। लखनऊ में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र की स्थापना से उत्तर प्रदेश को विशेष लाभ मिलेगा। यूपी देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य है। महज 11 फीसदी कृषि योग्य भूमि में यूपी देश का 21 फीसदी खाद्यान्न उत्पादन करता है। समय पर मौसम, बारिश, अतिवृष्टि, अनावृष्टि या ओलावृष्टि की जानकारी नहीं मिलेगी तो हम किसानों के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना मौसम की और सटीक जानकारी प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह संग बटन दबाकर क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र का शुभारंभ किया। इसे लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र को परिवर्तित कर स्थापित किया गया है। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि हम लोग सीजन में अतिवृष्टि-अनावृष्टि, आकाशीय बिजली आदि के संबंध में मेट्रोलॉजिकल व अन्य विभागों की बैठक में चर्चा करते थे कि समय पर सटीक जानकारी मिलने से सही रणनीति संभव होती है। आज केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में लखनऊ खुद को मेट्रोलॉजिकल रीजनल सेंटर के रूप में स्थापित कर रहा है। यूपी के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को वैज्ञानिक तरीके से आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सीएम ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के प्रति आभार भी जताया।

**12 वर्ष में आए परिवर्तन का दिखता है लाभ**

सीएम ने कहा कि आजादी के बाद इस विषय पर अपेक्षित ध्यान न देने का परिणाम था कि अन्नदाता किसान अपेक्षित प्रगति नहीं कर पाए। प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली जनधन की हानि को रोकने वाले प्रयास भी अधूरे रहे।

## आपदा से तीन घंटे पहले मोबाइल पर अलर्टः डॉ. जितेंद्र सिंह

लेकिन, पिछले 12 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में डॉ. जितेंद्र सिंह ने जो अभियान प्रारंभ किया, उसका परिणाम सभी देख रहे हैं। 12 वर्ष पहले बारिश, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, आकाशीय बिजली के खतरों के बारे में जो जानकारी मिलती थी, होता उससे ठीक उल्टा था, लेकिन अब मौसम की सटीक जानकारी प्राप्त हो रही है। सीएम ने कहा कि 13 मई को आंधी-तूफान से प्रदेश के कुछ जनपदों में जनधन की काफी हानि हुई थी। बैठक में मैंने पूछा कि अर्ली वार्निंग सिस्टम क्यों काम नहीं कर रहा था। पता चला कि सिस्टम तो काम कर रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन की सक्रियता का अभाव है। फिर रात में पूरे प्रदेश के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मैंने कहा कि जब आपको अलर्ट मिल रहा है तो आपको भी स्थानीय स्तर पर लोगों व संस्थाओं को अलर्ट करना चाहिए। इस बैठक के चौथे-पांचवें दिन भी आपदा आई, लेकिन तीन घंटे पहले सबके मोबाइल पर अलर्ट आना प्रारंभ हो

**सीएम ने किया सहारनपुर की घटना का जिक्र**

सीएम ने सहारनपुर की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि वहां शिवालिक पहाड़ी की तलहटी में मां शाकम्भरी देवी का मंदिर है। देहरादून व शिवालिक पहाड़ियों में भारी बरसात हुई। यहां बारिश होने से एकत्र होने वाला जल बाढ़ जैसा माहौल पैदा कर देता है। उस समय मंदिर में कीर्तन चल रहा था, काफी श्रद्धालु मौजूद थे, लेकिन मौसम विभाग ने समय से सही जानकारी दी तो सभी को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया।

## अर्ली वार्निंग सिस्टम का लाभ



सीएम ने कहा कि मीरजापुर, सोनभद्र, चंदौली आदि कई जनपदों में आकाशीय बिजली का खतरा बहुत रहता है। हर वर्ष 100-150 लोगों की मौत होती थी। चार-पांच वर्ष पहले प्रयागराज से पटना के बीच एक ही दिन में 90 मौतें हुई थीं। इसमें यूपी के 30 व बिहार के 60 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एमडीएमए, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की बैठक में मैंने पूछा कि आखिर इन मौतों को कौन रोकेगा। क्या इसे तकनीक से रोका नहीं जा सकता, तब विभाग ने बताया कि यह संभव है। अर्ली वार्निंग सिस्टम लगाने का परिणाम है कि उक्त जिलों में हर वर्ष होने वाली मौत के आंकड़े घटकर महज दर्जन भर रह गए। लोगों को भी ऐसे मौसम में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए, सतर्क रहना चाहिए।

**अपना सेटेलाइट चाहती है राज्य सरकार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी को सदैव डॉ. जितेंद्र सिंह का सकारात्मक सहयोग मिलता है। मौसम की पूर्व जानकारी किसानों की आमदनी बढ़ाने और आकाशीय बिजली, अतिवृष्टि, अनावृष्टि व ओलावृष्टि के कारण होने वाली जनधन की हानि को रोकने में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# जौनसार-बावर प्राकृतिक सौंदर्य का क्षेत्र नहीं, बल्कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक हैः धामी

**समग्र विकास**

□ राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को जौनसार-बावर लोक सांस्कृतिक महोत्सव एवं क्रीड़ा समारोह-2026 में शिरकत करते हुए क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जौनसार-बावर केवल प्राकृतिक सौंदर्य का क्षेत्र नहीं, बल्कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. केदार सिंह स्टेडियम, नागथात में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सड़क, पुल, पेयजल और शिक्षा से जुड़ी परियोजनाओं की सौगात देते हुए कहा कि राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने समरजेंस मोटर मार्ग के चौड़ीकरण एवं डामरीकरण, प्राथमिक विद्यालय नागथात को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करने, यमुना नदी पर 60 मीटर स्पैन पुल निर्माण, छामरी-जाखणी मोटर मार्ग, सकरोल से द्वितीय सिद्धपीठ महासू महाराज थैना तक सड़क निर्माण, खबऊ क्षेत्र में पम्पिंग पेयजल योजना तथा द्वीना-बिसोई खुना-अलमान संपर्क मार्ग के निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जौनसार-बावर की लोक परंपराएं, रीति-रिवाज, हारूल, रासो और बौंद जैसी सांस्कृतिक धरोहरें प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 33 वर्षों से जौनसार-बावर सांस्कृतिक पुनरुत्थान समिति इस विरासत को संरक्षित करने का सराहनीय कार्य कर रही है।

# नैनीताल में 10 हजार से अधिक पर्यटकों की आमद, दिनभर जाम से जूझा शहर

**पर्यटन सत्र**

□ 15 सौ से अधिक पर्यटक वाहनों से 10 हजार से अधिक सैलानियों की आमद बतायी गयी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल।** मैदानी क्षेत्रों में पड़ रही भीषण गर्मी और विद्यालय के शुरू हो चुकी ग्रीष्मकालीन अवकाश के साथ पर्वतीय पर्यटन नगरी नैनीताल में ग्रीष्मकालीन पर्यटन सत्र ने गति पकड़ ली है। सोमवार को सप्ताहांत के बाद भी नगर में 15 सौ से अधिक पर्यटक वाहनों से 10 हजार से अधिक सैलानियों की आमद बतायी गयी है। इससे नगर की नैनी झील, माल रोड, स्नो व्यू, पंगोट और हिमालय दर्शन सहित प्रमुख पर्यटन स्थल पर्यटकों से भरे रहे। सुहावने मौसम का आनंद लेने पहुंचे पर्यटकों से बाजारों में भी रौनक रही, जबकि पर्यटन कारोबार को भी गति मिली।

यह तब है जबकि नैनीताल पुलिस ने बिना होटलों की बुकिंग के आ रहे सैलानियों के वाहनों को नगर से लगभग 8 किमी पहले रूसी बाइपास और नारायण नगर में रोक दिया, और शटल टैक्सियों से नगर में भेजा, इसके बावजूद नगर पर्यटकों की बढ़ती संख्या के कारण नगर की यातायात व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया। नगर की डीएसए पार्किंग सहित सभी प्रमुख पार्किंग स्थल दोपहर तक भर गये। माल रोड, बायपास, बारापत्थर, हिमालय दर्शन मार्ग तथा भवाली, हल्द्वानी और कालाढूंगी मार्ग पर लंबे समय तक जाम की स्थिति बनी रही। कैंची धाम से नैनीताल आने वाले मार्ग पर सबसे अधिक यातायात दबाव देखा गया।

# कुपोषण के खिलाफ जंग में यूपी बना मॉडल, 1.56 करोड़ लाभार्थियों तक पहुंच रहा पौष्टिक आहार



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश कुपोषण के खिलाफ अपनी लड़ाई में देश के लिए एक प्रभावी मॉडल बनकर उभरा है। महिला एवं बाल विकास विभाग और बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की सक्रिय कार्यशैली के चलते प्रदेश में संचालित टेक होम राशन योजना मातृ एवं शिशु पोषण को नई मजबूती प्रदान कर रही है। पोषण, तकनीक, पारदर्शिता और महिला सशक्तीकरण को एक साथ जोड़ने वाली यह व्यवस्था अब राष्ट्रीय स्तर पर सराहना प्राप्त कर रही है।

योगी सरकार ने भारत सरकार की सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 गाइडलाइन तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2023 के अनुरूप रेसिपी आधारित अनुपूरक पुष्टाहार व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया है। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है जिसने इस नई प्रणाली को बड़े पैमाने पर धरातल पर उतारा है। वर्तमान में प्रदेश में हर महीने लगभग 1.56 करोड़ लाभार्थियों तक पौष्टिक आहार पहुंचाया जा रहा है।

इनमें छह माह से छह वर्ष तक के बच्चे, गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं तथा अतिकुपोषित बच्चे शामिल हैं। सीएम योगी के मार्गदर्शन में यह पहल केवल राशन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सकारात्मक असर स्वास्थ्य संकेतकों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

# वाराणसी : गंगा में मछुआरों के जाल में फंसा दुर्लभ शिवलिंग, दर्शन के लिए उमड़ रही भीड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी के सूजाबाद-डोमरी क्षेत्र में गंगा नदी से एक विशाल और दुर्लभ शिवलिंग मिलने की जानकारी ने लोगों में उत्सुकता और श्रद्धा का माहौल बना दिया है। नदी में मछली पकड़ने के दौरान मछुआरों के जाल में यह शिवलिंग फंस गया। भारी वजन के कारण जाल को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। मछुआरों ने जब जाल को गंगा किनारे खींचकर निकाला तो उसमें विशालकाय शिवलिंग देखकर सभी आश्चर्यचकित रह गए। इसके बाद शिवलिंग को सुरक्षित रूप से बाहर निकालकर गंगा तट स्थित गंगा मंदिर में अस्थायी रूप से स्थापित किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंचने लगे। मछुआरों के अनुसार शिवलिंग का वजन लगभग दो क्विंटल है। स्थानीय लोगों का अनुमान है कि यह अत्यंत प्राचीन हो सकता है और इसकी आयु करीब 2500 वर्ष तक हो सकती है। हालांकि इसकी वास्तविक प्राचीनता और ऐतिहासिक महत्व को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# चारधाम यात्रा मार्गों पर एमआरपी से अधिक वसूली पर होगी कार्रवाई



**टीम एक्शन इंडिया**

**पौड़ी गढ़वालः** आयुक्त गढ़वाल आनंद स्वरूप ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गढ़वाल मंडल के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा एवं आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में चारधाम यात्रा मार्गों पर खाद्य सुरक्षा, मूल्य नियंत्रण तथा प्रवर्तन संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। आयुक्त ने निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा मार्गों पर स्थित सभी दुकानों, होटल-ढाबों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों में रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए, ताकि यात्रियों को निर्धारित दरों पर खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एमआरपी अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक धनराशि वसूलने वाले दुकानदारों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। समीक्षा के दौरान आयुक्त ने चारधाम यात्रा प्रारंभ होने के बाद अब तक की गई प्रवर्तन एवं निरीक्षण संबंधी कार्रवाइयों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी। उन्होंने निर्देशित किया कि भविष्य में निरीक्षण, सैंपलिंग तथा प्रवर्तन संबंधी समस्त सूचनाएं प्रतिदिन गूगल शीट के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएं, जिससे प्रभावी निगरानी और त्वरित समीक्षा सुनिश्चित हो सके। आयुक्त ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सैंपलिंग अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर खाद्य सुरक्षा से जुड़े निरीक्षणों एवं जांच अभियानों को और अधिक सघन बनाया जाए, ताकि श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

बैठक में चारधाम यात्रा की सुगमता के लिए स्थापित ट्रांजिट कैंपों में खाद्य पदार्थों के लिए अधिक मूल्य वसूले जाने संबंधी प्राप्त फीडबैक का भी संज्ञान लिया गया

# भाजपा सरकार में मंहगाई बढ़ने से किसानों के सामने पैदा हुआ खेती का संकटः अखिलेश यादव



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है। मंहगाई बढ़ने से किसानों के सामने खेती का संकट पैदा हो गया है। डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि के बाद अब उर्वरकों की कीमतों में बढ़ोत्तरी से किसान हलकान है। भाजपा सरकार में किसान परेशानी में है। खाद, बीज और डीजल की कीमतों के बढ़ने से खेती करना मुश्किल हो गया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को जारी अपने बयान में कहा कि किसानों को फसलों का लागत मूल्य नहीं मिल पाता है। खेती घाटे का कार्य हो गया है। अब खाद के दामों में वृद्धि ने किसानों के सामने बड़ी चुनौती पैदा कर दी है।


भाजपा सरकार में महंगाई ने आग लगा दी है। इससे देश की आम जनता और किसान झुलस रहे है। सरकार को किसानों और आम जनता के जीवन यापन की चिंता नहीं है। भाजपा अपने उद्योगपति मित्रों और अपने मुनाफे के लिए मंहगाई बढ़ाती जा रही है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि बिजली और खाद की मार झेल रहे किसानों के सामने अब सिर्फ दिक्कतें और परेशानी ही रह गई है। फसलों के बेहतर विकास के लिए नाइट्रोजन, फासफोरस और पोटेशियम यानी एनपीके उर्वरक की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। इसका ज्यादातर उपयोग होता है। इस पर ज्यादा पैसे खर्च करने से किसानों का मौसमी बजट भी बिगड़ रहा है। उनकी जेब भी ज्यादा ढीली होनी तय है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से आय दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन भाजपा के 12 साल के शासन के बाद आय दोगुनी के बजाय आधी भी नहीं रह गयी है।

**साधा निशाना**

□ भाजपा के 12 साल के शासन के बाद आय दोगुनी के बजाय आधी भी नहीं रह गयी हैः अखिलेश यादव

योगी सरकार की सतर्कता से निर्बाध बिजली सप्लाई, दिन-रात मैदान में डटे बिजलीकर्मी, 7 जून को 31,147 मेगावाट बिजली आपूर्ति, देश में सबसे अधिक डिमांड पूरी

# भीषण गर्मी में भी बिजली आपूर्ति में उत्तर प्रदेश बना नंबर



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में इस समय प्रचंड गर्मी का दौर जारी है। प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उप्र. पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में जुटा हुआ है। डिमांड बिजली आपूर्ति करने में उत्तर प्रदेश नंबर वन पर है। बढ़ती मांग के बावजूद प्रदेश में सुचारु बिजली व्यवस्था बनाए रखने को लेकर योगी सरकार के प्रयासों की व्यापक सराहना हो रही है।

**6 और 7 जून को यूपी में रिकॉर्ड डिमांड बिजली आपूर्ति की गई**

यूपी इस समय डिमांड बिजली आपूर्ति करने में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। 7 जून को प्रदेश में 31,147 मेगावाट की रिकॉर्ड डिमांड बिजली आपूर्ति की गई, जो देश में सबसे अधिक रही। इसी तरह 6 जून को भी डिमांड बिजली आपूर्ति करने में उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहा है। 6 जून को 31049 मेगावाट और 5 जून को 29130 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति की गई थी। लगातार इतनी बड़ी मात्रा में बिजली उपलब्ध कराना यूपीपीसीएल की मजबूत कार्यप्रणाली और बेहतर प्रबंधन को दशार्ता है।

**8 जून को दोपहर 12 बजे 27838 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई**


7-8 जून की रात 1 बजे 30165 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति की गई। इसी तरह रात 3 बजे 29190 मेगावाट और रात 4 बजे 28482 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति की गई है। इसी तरह 8 जून की सुबह 6 बजे 25463 मेगावाट, सुबह 8 बजे 22666 मेगावाट, सुबह 10 बजे 26288 मेगावाट और सुबह 11 बजे 27138 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति की गई है। ऐसे ही दोपहर 12 बजे 27838 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। इसी के अनुरूप यूपीपीसीएल की टीमें चौबीसों घंटे बिजली व्यवस्था की निगरानी कर रही हैं।

प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली मांग का लगातार विश्लेषण किया जा रहा है ताकि किसी भी स्थिति में उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ने से ट्रांसफार्मर, फीडर और अन्य विद्युत उपकरणों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इसे देखते हुए विभागीय टीमें लगातार मेंटेनेंस कार्यों में जुटी हुई हैं।

**बिजली कर्मी दिन-रात फील्ड में रहकर कर रहे कार्य**

दिन के साथ-साथ रात्रिकालीन समय में भी बिजलीकर्मी फील्ड में रहकर आवश्यक तकनीकी कार्यों को पूरा कर रहे हैं। इससे संभावित खराबियों को पहले ही दूर किया जा रहा है और बिजली आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने में मदद मिल रही है।





# राहत का भरोसेमंद केंद्र बन रहे हैं कूलिंग जोनः मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली सरकार राजधानी में बढ़ती गर्मी और हीटवेव की चुनौती से नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए हीट एक्शन प्लान के तहत कई प्रभावी कदम उठा रही है। इसी क्रम में बाहरी-उत्तरी जिला प्रशासन ने सीड्स एनजीओ के सहयोग से बवाना में एक अभिनव और पर्यावरण-अनुकूल बांस से बना कूलिंग जोन स्थापित किया है, जो वर्तमान हीटवेव के दौरान लोगों को राहत प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में बवाना और अलीपुर में दो कूलिंग जोन संचालित हैं और नागरिकों को उनकी सेवाएं मिल रही हैं। इसके अतिरिक्त तीन और कूलिंग जोन विकसित किए जा रहे हैं, जिन पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। इनमें से एक कूलिंग जोन जिला उपायुक्त (डीसी) कार्यालय के



सामने स्थापित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल के तहत पर्यावरण-अनुकूल, टिकाऊ और जलवायु-अनुकूल सार्वजनिक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन कूलिंग जोन का उद्देश्य विशेष रूप से समाज के कमजोर और संवेदनशील वर्गों, निर्माण श्रमिकों, दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों, ड्राइवरों, रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं और खुले में काम करने वाले अन्य नागरिकों को अत्यधिक गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाना है। रेखा गुप्ता ने कहा कि इन कूलिंग जोन का निर्माण मुख्य रूप से बांस से किया गया है, जिससे पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है और यह एक टिकाऊ संरचना के रूप में कार्य करता है। इसमें खस (वेटिवर घास) की स्क्रीन और मिस्ट आधारित कूलिंग सिस्टम लगाया गया है, जो प्राकृतिक रूप से आसपास के तापमान को कम करता है और लोगों को अधिक आरामदायक वातावरण उपलब्ध कराता है। उन्होंने बताया कि कूलिंग जोन में प्राकृतिक वेंटिलेशन की विशेष व्यवस्था की गई है। इसके लिए रणनीतिक रूप से डिजाइन किए गए एग्जॉस्ट वेंट और वायु सकुर्लेशन रूट बनाए गए हैं, जिससे लगातार हवा का प्रवाह बना रहता है। पूरी संरचना को इस प्रकार विकसित किया गया है कि यह कम से कम गर्मी को अवशोषित करे और अधिकतम शीतलता और आराम प्रदान कर सके। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कूलिंग जोन में ठंडे पीने के पानी, ओआरएस पैकेट, अग्निशामक यंत्र, हीटवेव से बचाव और जागरूकता संबंधी सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) सामग्री और पर्याप्त बैठने और विश्राम की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

**नवाचार आधारित समाधान विकसित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि कूलिंग जोन श्रमिकों, ड्राइवरों और अन्य मेहनतकश नागरिकों के लिए एक ऐसे भरोसेमंद स्थान के रूप में उभर रहा है, जहां वे दिनभर की गर्मी और थकान के बीच अस्थायी रूप से आराम कर सकते हैं। यह पहल न केवल तत्काल राहत प्रदान कर रही है, बल्कि भविष्य की जलवायु चुनौतियों से निपटने के लिए नवाचार आधारित समाधान विकसित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार कमजोर और संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे नवाचारपूर्ण और जलवायु-अनुकूल उपायों को बढ़ावा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि लोगों को राहत देने वाले ऐसे पर्यावरण अनुकूल कूलिंग जोन दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में भी स्थापित किए जाएंगे। दिल्ली में चल रही भीषण गर्मी को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, स्वयं को हाइड्रेट रखें, दोपहर के समय लंबे समय तक सीधे सूर्य के संपर्क में आने से बचें तथा हीट एक्शन प्लान के तहत स्थापित कूलिंग जोन और अन्य सार्वजनिक राहत सुविधाओं का अधिकतम उपयोग करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सरकार गर्मी के मौसम में लोगों को राहत प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

# सरकारी दवा खरीद में 650 करोड़ का महाघोटाला? एलजी और सीएम के आदेश पर एफआईआर




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली सरकार की सेंट्रल प्रिक्योरमेंट एजेंसी में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित 650 करोड़ से अधिक के घोटाले किए जाने का मामला सामने आया है। मामले में सतर्कता निदेशालय की शिकायत पर दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने भ्रष्टाचार अधिनियम की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। यह एफआईआर उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के निर्देश पर कराई गई है। सरकारी अस्पतालों के लिए दवाओं, चिकित्सा उपकरणों, चादरों, एक्स-रे मशीनों और एनेस्थीसिया के आवश्यक उपकरणों की खरीद में भारी अनियमितता का पता चला था।

**ऑफिस से टेंडरों की फाइलें मिलीं गायब :** पहले सतर्कता निदेशालय की ओर से सीपीए कार्यालय मारे गए छापे में कई महत्वपूर्ण टेंडरों से जुड़ी फाइलें गायब मिलीं थीं। आरोप है कि कई महत्वपूर्ण वस्तुओं की खरीद, बाजार दर से कहीं अधिक कीमतों पर की गई। इस हेराफेरी से सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का भारी नुकसान पहुंचाया गया। सतर्कता निदेशालय की टीम ने जब बीते दिनों शकरपुर स्थित सीपीए कार्यालय में छापेमारी की तो बड़ी संख्या में फाइलें जब्त की। हालांकि कई महत्वपूर्ण टेंडरों से जुड़ी फाइलें गायब मिलीं।

**अब तक 40 डॉक्टरों का हो चुका तबादलाः** सी-आर्म मशीन, पोर्टेबल एक्स-रे, एनेस्थीसिया स्टेशन, दवा और लिनन (चादर) की खरीद से जुड़े दस्तावेज गायब मिली। एसीबी सूत्रों के मुताबिक यह पूरी खरीद तत्कालीन एचओओ डॉ. विनोद कुमार रंगा के कार्यकाल के दौरान हुई थी। लाकर खंगालने पर भी फाइलें नहीं मिली। विजिलेंस द्वारा गठित समिति की अध्यक्ष डॉ. अंजना कौशल के बार-बार अनुरोध के बावजूद जब डॉ. रंगा ने फाइलें नहीं सौंपी, तब अधिकारियों की मौजूदगी में पंचनामा तैयार कर सीपीए के लाकर को खुलवाया गया, लेकिन हैरानी की बात रही कि संबंधित दस्तावेज वहां भी नहीं मिले। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य सेवा डॉ. वत्सला अग्रवाल और डॉ. विनोद कुमार रंगा समेत लगभग 40 डाक्टरों और कर्मचारियों का तबादला किया जा चुका है।

# गैस लीकेज से होने वाले हादसों को रोकेगा ई-नोज सिस्टम



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। घरों में एलपीजी गैस रिसाव की ब**ढ़ती चुनौती हो या वाहनों में गैस रिसाव के कारण होते हादसे। या फिर बंद कार में जहरीली गैसों का जमा होना और शराब पीकर वाहन चलाना। ये सब दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता जा रहा है। इन खतरों को समय रहते पहचानकर हादसों को रोकने की दिशा में दिल्ली विश्वविद्यालय के आचार्य नरेंद्र देव कालेज और मिरांडा हाउस के प्रोफेसरों ने ई-नोज (इलेक्ट्रानिक नोज) नामक तकनीक विकसित की है। यह प्रणाली विभिन्न गैसों और अल्कोहल की मौजूदगी का पता लगाकर तुरंत चेतावनी देने में सक्षम है। इतना ही नहीं, यह तकनीक सिर्फ एक बार अलर्ट करने की औपचारिकता नहीं करेगी, बल्कि बार-बार घटना को रोकने के लिए अलार्म भी करती रहेगी। ई-नोज को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह इंसानी नाक की तरह अलग-अलग गैसों की पहचान कर सके। विज्ञान की भाषा में इस प्रक्रिया को आर्टिफिशियल ओल्फैक्शन कहा जाता है।
सिस्टम में लगाए गए सेंसर वातावरण में मौजूद गैसों के संकेतों को पहचानते हैं।

**पहल**

**सिस्टम में लगाए गए सेंसर वातावरण में मौजूद गैसों के संकेतों को पहचानते हैं**

# छह ऐतिहासिक स्मारकों पर मनाया जाएगा योग दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली में इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस छह प्रमुख स्मारकों में मनाया जाएगा। 21 जून को होने वाले इस दिवस स्थलों में इस बार जंतर मंतर, पुराना किला, सफदरजंग का मकबरा के साथ साथ तीन विश्व धरोहर लालकिला, कुतुबमीनार और हुमायूं का मकबरा भी शामिल है। इस दिन जनता के लिए टिकट वाले स्मारकों में प्रवेश मुफ्त रहेगा। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) द्वारा इन स्थानों पर तैयारियां की जा रही



हैं।इस बड़े स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में केंद्र सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री, अधिकारी, योग गुरु और विदेशी राजनयिक हिस्सा लेंगे। सामूहिक योग सत्र सुबह के समय आयोजित किए जाएंगे, जिसमें आम जनता, स्कूली बच्चे और स्थानीय निवासी भी शामिल हो सकेंगे।
ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में योग को बढ़ावा देकर भारतीय संस्कृति और स्वास्थ्य के संदेश को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने का प्रयास किया जा रहा है। एएसआइ ने सुरक्षा, साफ-सफाई और पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं ताकि कार्यक्रम में आने वाले लोगों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाने वाला योग का वैश्विक उत्सव है। इसकी शुरूआत पहली बार 2014 में हुई थी और तब से यह योग समुदाय में एक महत्वपूर्ण आयोजन बन गया है।

# उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा ने डीडीएमए के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने सोमवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में दिल्ली में विभिन्न विकास पहलों, शासन प्राथमिकताओं और जन कल्याण से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई। साथ ही बैठक में गर्मी से संबंधित आपदा प्रबंधन उपायों और मानसून की तैयारियों की



स्थिति की भी समीक्षा की गई। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि जहां दिल्ली की आपदा संबंधी कमजोरियां महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश करती हैं, वहीं वे तैयारियों को मजबूत करने, लचीलापन बनाने और प्रतिक्रिया प्रणालियों में सुधार करने का अवसर भी प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन कार्रवाइयां आम निवासियों के लिए उत्पीड़न का कारण नहीं बननी चाहिए।
उपराज्यपाल ने बताया कि अवैध इमारतों के खिलाफ चल रहे अभियानों, अग्नि सुरक्षा के संबंध में लाइसेंस के दुरुपयोग और भविष्य की तैयारियों के उपायों की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में अग्निशमन विभाग के कार्यबल को मजबूत करने के लिए मौजूदा रिक्तियों को संबोधित करने के लिए पूर्व अग्निवीरों की भागीदारी का पता लगाने का सुझाव दिया गया।
उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह गठित अधिकारियों की टीमों को अपनी कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) समय पर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रदेश गृह मंत्री आशीष सूद, पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा के साथ अधिकारी और अन्य मंत्री भी उपस्थित रहें।

**जन कल्याण**

**इस बैठक में दिल्ली में विभिन्न विकास पहलों, शासन प्राथमिकताओं और जन कल्याण से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई**



दिल्ली विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर देवोस्मिता पॉल हत्याकांड की जांच में नया खुलासा हुआ। मामले में सामने आए ताजा सीसीटीवी फुटेज में पश्चिम बंगाल से आए आरोपित दंपती और उनका नाबालिग बेटा वारदात से पहले वसुंधरा एन्क्लेव स्थित अपार्टमेंट परिसर में प्रवेश करते। पीड़िता के फ्लैट की ओर जाते दिखाई दे रहे हैं।

# अग्निकांडः होटल मालिक की पुलिस कस्टडी दो दिन बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** साकेत कोर्ट ने मालवीय नगर अग्निकांड के मामले में होटल मालिक लवकेश बजाज की पुलिस हिरासत दो दिन और बढ़ा दी है। कोर्ट ने इस मामले में गिरफ्तार कुक केशव नेगी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। सोमवार को होटल के मैनेजर जय मिश्रा ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कुक केशव नेगी ने कोर्ट में अपनी जमानत याचिका दायर की, लेकिन कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया। केशव नेगी को कोर्ट ने 6 जून को आज तक की पुलिस हिरासत में भेजा था। दिल्ली पुलिस ने केशव नेगी को 6 जून को गिरफ्तार किया था। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि मैनेजर जय मिश्रा ने आज कोर्ट में सरेंडर किया है। होटल के मालिक लवकेश बजाज को कोर्ट ने 4 जून को आज तक की पुलिस हिरासत में भेजा था।
पुलिस के मुताबिक केशव नेगी इलेक्ट्रिक स्टोव पर खाना बना रहा था, तभी उसमें ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट के बाद नेगी ने पावर सप्लाई बंद कर दी, जिससे होटल के इलेक्ट्रॉनिक दरवाजे बंद हो गए।

**सुनवाई**

**कुक केशव नेगी ने कोर्ट में अपनी जमानत याचिका दायर की, लेकिन कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया**

# दिल्ली जिमखाना, पोलो ग्राउंड जैसे हरित क्षेत्र को अधिग्रहित करने के फैसले पर उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली के दिल्ली जिमखाना, पोलो ग्राउंड जैसे हरित क्षेत्र को अधिग्रहित करने के केंद्र सरकार के फैसले पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि दिल्ली में काफी कम हरित क्षेत्र है। उसे हटाने के बाद प्रदूषण से दम घुटकर हमारी मौत हो जाएगी। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की वेकेशन बेंच ने ये टिप्पणी इंडियन पोलो एसोसिएशन की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान की।
सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आपको पोलो ग्राउंड क्यों चाहिए। आपको दिल्ली जिमखाना समेत सभी हेरिटेज ढांचों का क्या करेंगे। आप उनका क्या करने वाले हैं। आप वहां



बीस मंजिला बिल्डिंग खड़ी करेंगे। कोर्ट ने कहा कि नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के इलाके में थोड़ी बहुत सांसे बची हुई हैं। हम सभी घुटकर मरने वाले हैं। सरकार को 200 सालों में इनकी कोई जरुरत नहीं हुई। दिल्ली में एक छोटा सा फेफड़ा है, आप उसे भी चाहते हैं कि ले लें। दरअसल, इंडियन पोलो एसोसिएशन ने याचिका दायर कर पटियाला हाउस कोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी है। पोलो एसोसिएशन ने कहा है कि उन्होंने पटियाला हाउस कोर्ट में एक याचिका दायर कर केंद्र सरकार के खाली करने के आदेश को चुनौती दी है, लेकिन पटियाला हाउस कोर्ट के जज ने नोटिस पर रोक संबंधी अर्जी पर कोई विचार नहीं किया और एक सामान्य नोटिस जारी कर दिया। इसपर उच्च न्यायालय ने पटियाला हाउस कोर्ट को निर्देश दिया कि वो खाली करने के नोटिस पर रोक की अर्जी पर फैसला करें। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार के वकील आशीष दीक्षित ने केंद्र सरकार के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि केवल रक्षा जरुरतों के लिए इन इलाकों का सरकार अधिग्रहण करना चाहती है।

**कलाकारों ने डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस कॉल, ओटीपी ठगी, निवेश घोटाले, सोशल मीडिया पर फर्जी पहचान बनाकर ठगी और यूपीआई फ्रॉड जैसी घटनाओं का मंचन किया**

# साइबर ठगी से बचाव के लिए शाहदरा पुलिस की पहल, 250 वरिष्ठ नागरिकों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के बीच शाहदरा जिला पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों को ऑनलाइन ठगी से बचाने के लिए सोमवार को मेगा साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न इलाकों से करीब 250 वरिष्ठ नागरिकों ने हिस्सा लिया। पुलिस अधिकारियों और साइबर विशेषज्ञों ने उन्हें डिजिटल गिरफ्तारी, फर्जी बैंक कॉल, ओटीपी फ्रॉड, यूपीआई ठगी और सोशल मीडिया धोखाधड़ी जैसे नए साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था, जोन-1) देवेश चंद्र श्रीवास्तव, पूर्वी रेंज के संयुक्त पुलिस आयुक्त अजीत कुमार सिंगला और शाहदरा के पुलिस उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीणा मौजूद रहे।
अधिकारियों ने कहा कि साइबर अपराधी लोगों के भरोसे, डर और जागरूकता की कमी का फायदा उठाकर ठगी कर रहे हैं, इसलिए सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है।

**नुक्कड़ नाटक के जरिए समझाए साइबर अपराध के तरीकेः** कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण साइबर अपराध पर आधारित नुक्कड़ नाटक रहा। कलाकारों ने डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस कॉल, ओटीपी ठगी, निवेश घोटाले, सोशल मीडिया पर फर्जी पहचान बनाकर ठगी और यूपीआई फ्रॉड जैसी घटनाओं का मंचन किया। इसके माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को बताया गया कि अपराधी किस तरह लोगों को झांसे में लेकर उनके बैंक खातों से रकम उड़ा देते हैं।

**इन साइबर ठगी के तरीकों से किया आगाहः** पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस व बैंक अधिकारियों के फोन, केवाईसी अपडेट के नाम पर धोखाधड़ी, ऑनलाइन निवेश घोटालों, कॉल मर्जिंग स्कैम, जीमेल और सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल और यूपीआई फ्रॉड के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने सलाह दी कि किसी भी परिस्थिति में ओटीपी, पासवर्ड, एटीएम पिन, सीवीवी नंबर और इंटरनेट बैंकिंग संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें।
साथ ही अज्ञात लिंक पर क्लिक करने और अनजान लोगों के कहने पर मोबाइल में कोई एप डाउनलोड करने से बचें।

**जागरूक किया**

**साइबर अपराधी लोगों के भरोसे, डर और जागरूकता की कमी का फायदा उठाकर ठगी कर रहे**




# आम आदमी पार्टी इंडी गठबंधन का हिस्सा नहीं हैः सांसद संजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि आआपा अब इंडी (आईएनडीआईए) गठबंधन का हिस्सा नहीं है। आज होने वाली बैठक में आआपा शामिल नहीं होगी। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह सोमवार को एक बयान में इंडी ब्लॉक की बैठक पर कहा कि जहां तक पार्टी का सवाल है, पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि आआपा इंडी गठबंधन का हिस्सा नहीं है। इसलिए बैठक में उसके शामिल होने का सवाल ही नहीं उठता।
इस दौरान संजय सिंह ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि तमिलनाडु में बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच कांग्रेस द्वारा द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) को विश्वास में लिए बिना



अभिनेता विजय की पार्टी 'तमिलगा वेट्री कजगम' (टीवीके) को समर्थन देने के कारण दोनों दलों के बीच रिश्ते तनावपूर्ण हो गए हैं।
उल्लेखनीय है कि, संयुक्त रणनीति बनाने के लिए आज इंडी अलायंस की बैठक कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में हो रही है। जिसमें विपक्ष की 23 पार्टियों के नेता शामिल होंगे।

# भाजपा का नमो कमल कार्यालय प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणापूंज बनेगा: सैनी

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने हवन यज्ञ में आहूति देकर विधिवित किया भाजपा जिला कार्यालय नमो कमलका उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को नारनौल में भाजपा के नवनिर्मित भव्य एवं अत्याधुनिक जिला कार्यालय नमो कमल का हवन-यज्ञ के साथ विधिवत उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने हवन-यज्ञ में भाग लेकर आहूतियां दी। मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यालय नमो कमल को कार्यकर्ताओं को समर्पित करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि महेंद्रगढ नारनौल की यह वीर भूमि साधारण भूमि नहीं है। उन्होंने कहा कि इस भूमि पर आकर गर्व की अनुभूति होती है। सैनी ने कहा कि यह भूमि च्यवन ऋषि की तपोभूमि है, यहां की मिट्टी में हजारों वर्षों की तपस्या घुली हुई है। यहां की हवा में वेदों के स्वर गूंजते हैं। यह वह धरा है जिसने हर संकट में देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीर सपूतों की आहूति देने का





काम किया है।
नायब सिंह सैनी ने कहा कि वीर भूमि नारनौल में भारतीय जनता पार्टी के भव्य, आधुनिक, सुसज्जित जिला कार्यालय का उद्घाटन करते हुए आज मेरे मन को खुशी और गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि जिला कार्यालय का नमो कमलनाम हमारे लिए गर्व की बात है। यह नाम हमारी पार्टी के मूल चरित्र, हमारी विचारधारा, हमारे नेतृत्व के प्रति अगाध श्रद्धा का प्रतीक है। नायब सैनी ने कहा कि कमल हमारा चुनाव चिन्ह है जो अपनी पवित्रता और सुंदरता बनाए रखता है। नमो स्वर देश के पीएम मोदी के प्रति देश के करोडों नागरिकों, कार्यकर्ताओं के गहरे विश्वास और उनके प्रति आदर का साक्षात स्वरूप है। उन्होंने कहा कि यह नमो कमल कार्यालय प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणापूंज बनेगा जहां से लोक कल्याणकारी विजन संगठन की रीति नीति को जन-जन तक पहुंचने का काम हमारे कार्यकर्ता करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यालय केवल पत्थर का बना हुआ ढांचा नहीं होता, बल्कि भाजपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं के लिए पवित्र मंदिर होता है। यह वह केंद्र होता है जहां बैठकर मां भारती की सेवा का हमारे कार्यकर्ता संकल्प लेते हैं। भाजपा के कार्यालय वह स्थान है जहां से अंत्योदय के लक्ष्य को पूरा करने की नीति और रणनीतियां बनती है।
विपक्ष की पार्टियों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के कार्यालय उन राजनीतिक दलों के लिए आइना है जो परिवारवाद और वंशवाद की राजनीति करते हैं। दूसरे दलों के कार्यालय कुछ परिवारों की निजी सम्पति होते हैं जहां कार्यकर्ताओं की कोई पूछ नहीं होती।
उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी हैं जहां एक बूथ पर पोस्टर लगाने वाला कार्यकर्ता अपने परिश्रम और मेहनत से प्रदेश का मुख्यमंत्री, देश का प्रधानमंत्री बन सकता है और यह भाजपा में ही संभव है।

### भाजपा कार्यालय कार्यकर्ताओं के लिए मंदिर समान है: डॉ. अर्चना गुप्ता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा का कार्यालय केवल एक भवन नहीं बल्कि कार्यकताओं के लिए पूजनीय स्थल है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यालय संगठन, सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना का केंद्र है। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय सभी कार्यकताओं के लिए जिम्मेदारी का केंद्र भी है, जहां से जनता की सेवा और संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में विकास की गंगा बह रही है और प्रदेश सरकार लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कार्यकताओं की जिम्मेदारी है कि वे केंद्र सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार ने किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के हित में अनेक योजनाएं लागू की हैं।

## न्यूज फ्लैश

### विधानसभा व संसद में गूंजेगी चानौत गांव की आवाज: दीपेंद्र हुड्डा

**हांसी।** कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि चानौत गांव की आवाज अब विधानसभा से लेकर संसद तक गूंजेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की जायज मांगों को हर स्तर पर मजबूती से उठाया जाएगा। दीपेन्द्र हुड्डा सोमवार को पीने के पानी व बिजली समस्या के स्थाई समाधान की मांग पर चानौत गांव में चल रहे आंदोलन के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। धरने को समर्थन देने के लिए कांग्रेस विधायक जस्सी पेटवाड़, आदमपुर विधायक चंद्रप्रकाश, अनिल मान, संतोष दहिया, राहुल मक्कड़, सुमन शर्मा, सोविन बेरवाल, विकास ढांडा, अशोक मलिक तथा राजेंद्र सूरा सहित अनेक कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता पहुंचे। सभी नेताओं ने ग्रामीणों की मांगों को न्यायोचित बताते हुए सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की। धरना कमेटी के प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में हांसी शहर को जाने वाली पाइपलाइन से गांव चानौत को 8 इंच का स्थायी जल कनेक्शन उपलब्ध कराना, जलभराव की समस्या के समाधान के लिए ड्रेन व्यवस्था करना तथा पिछले वर्ष बाढ़ से प्रभावित गांव के समग्र विकास के लिए 25 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज जारी करना शामिल है। धरना कमेटी की ओर से पूर्व सरपंच सत्यवान दूहन और अनूप चानौत ने घोषणा की कि यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 जून से गांव के पांच ग्रामीण आमरण अनशन पर बैठेंगे। धरना कमेटी के अनुसार आमरण अनशन के समर्थन में विभिन्न खाप पंचायतों, किसान संगठनों और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में चानौत पहुंचेंगे।

### हरियाणा सरकार का फैसला: 106 लैब्स में होगी मिट्टी के ऑर्गेनिक कार्बन की गहन जांच

**चंडीगढ़।** हरियाणा की भूमि को बंजर होने से बचाने के लिए सरकार ने एक फैसला लिया है, जिसके तहत प्रदेश में ऑर्गेनिक कार्बन एनालिसिस किट खरीदी जाएंगी ताकि अब सटीक रूप से यह पता चल सके कि किसान के किस खेत में कितना ऑर्गेनिक कार्बन मौजूद है। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने सोमवार को चंडीगढ़ में यह जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार की इस विशेष मुहिम का मुख्य उद्देश्य खेतों की सेहत को सुधारना और जमीन को बंजर होने से रोकना है। उन्होंने ऑर्गेनिक कार्बन एनालिसिस किट खरीदने के लिए आज हाई पॉवर्ड परचेज कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जबकि विभागीय अधिकारियों की तरफ से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार सहित कई अन्य उच्च अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक के विवरण और सरकार की योजना को साझा करते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने कुल 332 ऑर्गेनिक कार्बन एनालिसिस किट की खरीद को मंजूरी दे दी है, जिन पर राज्य सरकार द्वारा लगभग 2.5 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इन आधुनिक किट्स के माध्यम से हरियाणा राज्य में सक्रिय कुल 106 सरकारी लैबोरेट्रीज (प्रयोगशालाओं) में किसानों के खेतों से लिए गए मिट्टी के सैंपलों की गहन जांच की जाएगी, जिससे किसानों को यह स्पष्ट रिपोर्ट मिल सकेगी कि उनकी मिट्टी में ऑर्गेनिक कार्बन की वास्तविक मात्रा कितनी है। वैज्ञानिक और कृषि मानकों का हवाला देते हुए उन्होंने आगे समझाया कि किसी भी खेत में अच्छी और भरपूर फसल उगाने के लिए मिट्टी के भीतर ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा कम से कम 0.5 से 0.75 प्रतिशत के बीच होनी ही चाहिए, जबकि एक आदर्श, सेहतमंद और बेहद उपजाऊ मिट्टी के लिए इस स्तर का 1 प्रतिशत या उससे अधिक होना सबसे उत्तम माना जाता है। उन्होंने चिंता जताते हुए यह भी कहा कि यदि मिट्टी की जांच के दौरान ऑर्गेनिक कार्बन का स्तर 0.5 प्रतिशत से कम पाया जाता है, तो उस जमीन को बेहद कमजोर और बीमार श्रेणी में रखा जाता है क्योंकि ऐसी स्थिति आने पर मिट्टी की पौधों को जरूरी पोषण देने की प्राकृतिक क्षमता धीरे-धीरे पूरी तरह खत्म होने लगती है। भूमि की उर्वरता में कार्बन की भूमिका को रेखांकित करते हुए कृषि मंत्री ने विस्तार से बताया कि ऑर्गेनिक कार्बन को वास्तव में मिट्टी की आत्मा या उसकी रीढ़ की हड्डी कहा जाता है।

# विज का नई श्रम संहिताओं पर सुझाव, पूरे देश में लागू हों एक समान नियम

## लेबर कोड्स के ड्राफ्ट नियम राज्यों को भेजेगी केंद्र सरकार, विज के प्रस्ताव पर मंडाविया की सहमति

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़ः** हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया से आग्रह किया कि नई श्रम संहिताओं (लेबर कोड) के तहत बनाए जाने वाले नियमों एवं विनियमों के ड्राफ्ट राज्यों के श्रम विभागों को उपलब्ध कराए जाएं, ताकि पूरे देश में एकरूपता के साथ समान नियम लागू किए जा सकें। उन्होंने कहा कि यदि किसी राज्य को अपनी स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कुछ संशोधन करने की आवश्यकता हो, तो वह बाद में किए जा सकते हैं। इस पर, केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने विज के सुझाव की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने 8 मई को ही संबंधित नियमों का प्रारूप तैयार कर लिया है और शीघ्र ही सभी राज्यों को ड्राफ्ट नियम भेज दिए जाएंगे। विज आज चण्डीगढ़ में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से दिल्ली से आयोजित बैठक में भाग ले रहे थे। इस बैठक में पूरे देशभर से राज्यों व यूटी प्रशासन के श्रम मंत्रियों सहित सचिवों ने भाग लिया। बैठक के दौरान विज ने वेतन संहिता- 2019, औद्योगिक संबंध संहिता- 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता- 2020 और व्यावसायिक



सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यस्थल परिस्थितियां संहिता- 2020 को क्रियान्वित करने पर की जा रही राज्य की कार्यवाही की जानकारी भी सांझा की और बताया कि केंद्र सरकार द्वारा तैयार की गई चार नई श्रम संहिताओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए श्रमिकों, उद्योगों और अन्य हितधारकों के साथ व्यापक संवाद स्थापित किया जाएगा, ताकि उनके सुझावों को शामिल करते हुए किसी भी प्रकार की व्यावहारिक कठिनाई का समाधान किया जा सके। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने चारों श्रम संहिताओं के प्रारूप नियमों को सार्वजनिक परामर्श (पब्लिक डोमेन) के लिए जारी कर दिया है तथा हितधारकों से सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं।
उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार नई श्रम संहिताओं को लागू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है और श्रमिकों के हितों की रक्षा के साथ-साथ उद्योगों के लिए सरल एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विज ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चार नई श्रम संहिताओं का निर्माण श्रमिक कल्याण के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने कहा कि पूर्व में लागू अधिकांश श्रम कानून औपनिवेशिक काल की परिस्थितियों के अनुरूप बनाए गए थे, जिन्हें बदलते समय और आधुनिक औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुसार संशोधित एवं अद्यतन करना अत्यंत आवश्यक था। इन कानूनों में सुधार काफी पहले हो जाना चाहिए था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली वर्तमान केंद्र सरकार ने व्यापक अध्ययन, विचार-विमर्श और परामर्श के बाद श्रम कानूनों को नए भारत की आवश्यकताओं के अनुरूप पुनर्गठित कर श्रमिकों और उद्योगों दोनों के हितों को संतुलित करने का कार्य किया है।

## चुनौतियों के समाधान के लिए जन-जागरूकता, सहभागिता, प्रभावी विधायी नेतृत्व की आवश्यकता: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूरी दुनिया अभूतपूर्व परिवर्तनों के दौर से गुजर रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक), साइबर सिक्योरिटी, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा की बढ़ती जरूरतें, डिजिटल अर्थव्यवस्था, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और सामाजिक असमानताएं हमारे सामने नई चुनौतियां बनकर खड़ी हैं। इन चुनौतियों का समाधान केवल प्रशासनिक निर्णयों से संभव नहीं है। इसके लिए जन-जागरूकता, सामाजिक सहभागिता और प्रभावी



विधायी नेतृत्व की आवश्यकता है।
मुख्यमंत्री सोमवार को हरियाणा विधानसभा के तत्वावधान में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ इंडिया रीजन के जोन-2 के तीन दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया। इस अवसर पर राज्य सभा के उप-सभापति हरिवंश नारायण सिंह, विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण मिड्ढा, हरियाणा के संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा भी उपस्थित थे।

## महिला आयोग की बैठक में हंगामा

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में सोमवार को महिला आयोग की जनसुनवाई के दौरान दो पक्षों में हाथापाई की नौबत आ गई। दोनों पक्ष आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया के सामने ही एक दूसरे को धक्का मारते हुए नजर आए। जिसके बाद एकदम से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जिसके बाद मौके पर संबधित थाने की पुलिस को बुलाकर एक शख्स को लेकर जाया गया। धक्का-मुक्की की इस घटना का एक वीडियों भी सामने आया है। सेंट्रल थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। फरीदाबाद के नंबर 5 के रहने वाले मन्नु ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी बहन प्रीती को दिल्ली द्वारिका के रहने वाले गुरप्रीत ने शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लिया।

## पार्टी के प्रति समर्पण ही भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी और ताकत है: अर्चना



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने नारनौल में संगठनात्मक बैठकों के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के निवास स्थानों पर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने नारनौल की ऐतिहासिक धरोहरों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा परिवार का आपसी जुड़ाव, अपनापन और कार्यकर्ताओं का समर्पण ही संगठन की सबसे बड़ी पूंजी और ताकत है। कार्यकर्ताओं से मिलने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष के साथ संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, हरविन्द्र कोहली भी मौजूद रहे। डॉ. गुप्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद भारद्वाज के निवास स्थान पर पहुंची और उनसे आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन और उनकी वर्षों की तपस्या संगठन की असली प्रेरणा है जो कार्यकर्ताओं को सेवा और

**संगठनात्मक**

**पार्टी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के निवास स्थानों पर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना**

समर्पण के मार्ग पर आगे बढ़ने की ऊर्जा प्रदान करती है।
डा. अर्चना गुप्ता वरिष्ठ नेता गोपाल शरण के निवास स्थान पर भी पहुंची और परिवार के साथ भोजन किया। उन्होंने परिवार से मिले प्यार और स्नेह का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने नांगल चौधरी से पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री डा. अभय सिंह के निवास स्थान पहुँचकर उनसे भी सप्रेम भेंट की और कुशलक्षेम जाना।
डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ व अनुभवी नेताओं का मार्गदर्शन और स्नेह हमेशा संगठन को मजबूती देने और जनसेवा के संकल्प को और सुदृढ़ करने की नई ऊर्जा देता है।

## विकसित भारतका संकल्प एक राष्ट्रीय संकल्प है: बिरला

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ :** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि विकसित भारतका संकल्प एक राष्ट्रीय संकल्प है, जिसमें देश के प्रत्येक नागरिक और संस्था को सहयोग करना होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस संकल्प को साकार करने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हमारी नीतियाँ, योजनाएँ, कार्यक्रम और बजटीय प्रावधान समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले हों। हमें सामाजिक परिवर्तन की गति को तेज करना है, नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है और समाज को एक प्रगतिशील दिशा देनी है। उन्होंने कहा



कि विधायकों की इस संकल्प की प्राप्ति में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि विधायक अपने क्षेत्रों में नीतियों और जनकल्याणकारी पहलों के माध्यम से धरातल पर परिवर्तन लाने के सबसे प्रभावी माध्यम होते हैं। बिरला ने यह उद्गार चंडीगढ़ स्थित हरियाणा विधान सभा के चैम्बर में कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (उढअ) इंडिया रीजन जोन-क्क (नॉर्थ जोन) कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किए। इस गरिमामयी अवसर पर राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश, हरियाणा के मुख्य मंत्री नायब सिंह, हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, हरियाणा सरकार के संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा सहित राज्य सरकार के अन्य मंत्री और विधान सभा सदस्य उपस्थित रहे। 21वीं सदी के इस दशक को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए बिरला ने कहा कि आज वैश्विक परिदृश्य में बड़े बदलाव हो रहे हैं और दुनिया अनेक प्रकार के तनावों से गुजर रही है।

## सोमनाथ दर्शन के लिए स्पेशल ट्रेन श्रद्धालुओं को लेकर हुई रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने सोमवार को सोनीपत में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत भगवान सोमनाथ के पावन दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को लेकर जाने वाली विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए श्रद्धा, आस्था और गौरव का अवसर है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के माध्यम से प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन करवाने का जो संकल्प हरियाणा सरकार ने लिया है, वह सेवा, सम्मान और संवेदनशील शासन का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से इस विशेष ट्रेन को रवाना किया है। इस यात्रा में प्रदेशभर के 1100 श्रद्धालु भगवान सोमनाथ के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करेंगे। करनाल, पानीपत और अन्य जिलों से श्रद्धालुओं को लेकर आई इस विशेष ट्रेन में सोनीपत जिले के 114 तथा रोहतक जिले के 53 श्रद्धालु भी शामिल हैं। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि हमारे बुजुर्गों ने अपना पूरा जीवन परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में समर्पित किया है। ऐसे में जीवन के इस पड़ाव पर उन्हें देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन करवाना सरकार की ओर से उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत वर्ष 2023 से ऐसे परिवारों के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर दिया जा रहा है, जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये से कम है। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं है, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का जीवंत प्रतीक है।

## विकसित भारत-2047 के लक्ष्य में लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका अहम: उपसभापति

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ :** राष्ट्रमंडल संसदीय संघ इंडिया रीजन का जोन-2 सम्मेलन का सोमवार को चंडीगढ़ में शुभारंभ हुआ। दस जून तक आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सांसद, विधायक एवं विधान मंडलों के अधिकारी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के दौरान संसदीय परंपराओं, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, जनप्रतिनिधियों की भूमिका तथा जनहित से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।
उद्घाटन सत्र की शुरूआत राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान और राज्य गीत के साथ हुई। इसके उपरांत पारंपरिक दीप प्रज्वलन कर



कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर हरियाणा 1966-2025 विषय पर आधारित एक विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसमें राज्य की विकास यात्रा और उपलब्धियों को दशार्या गया। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने मंचासीन गणमान्य अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया।
इस अवसर पर लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला , हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी , राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण , हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा सहित अन्य विशिष्ट अतिथिगण उपस्थित रहे।

**विकसित भारत केवल आर्थिक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय अभियान : उपसभापति हरिवंश**

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने वर्ष 2047 तक विकसित भारतके लक्ष्य की प्राप्ति में जागरूक समाज और जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष बल दिया। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के उस दूरदर्शी प्रयास की सराहना की, जिसके तहत पहली बार सीपीए इंडिया को नौ जोनों में विभाजित कर संसदीय संवाद को अधिक सक्रिय, नियमित और व्यवस्थित बनाया गया है। हरिवंश ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब देश के सभी क्षेत्रों का संतुलित और समावेशी विकास सुनिश्चित किया जाए।
उन्होंने कहा कि उत्तर क्षेत्र के राज्यों का इस लक्ष्य की प्राप्ति में विशेष योगदान है। पंजाब और हरियाणा देश के कुल गेहूं उत्पादन में लगभग एक-चौथाई योगदान देकर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के मजबूत स्तंभ बने हुए हैं। देश के कुल भू-भाग का मात्र 1.3 प्रतिशत हिस्सा होने के बावजूद हरियाणा राष्ट्रीय जीडीपी में 3.6 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। उन्होंने हरियाणा सरकार द्वारा राज्य को 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमीबनाने के लक्ष्य तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 2000 करोड़ रुपये के फंड के साथ स्थापित देश के पहले डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर की विशेष रूप से सराहना की।

# संपादकीय

## फर्जी डिग्रियां और टूटता भरोसा

**भारत** आज दुनिया की सबसे युवा आबादी वाले देशों में शामिल है। यह युवा शक्ति ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी मानी जाती है। देश के लाखों विद्यार्थी हर वर्ष कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं, विश्वविद्यालयी पाठ्यक्रमों और व्यावसायिक प्रशिक्षणों से गुजरते हैं। वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। परिवार अपनी बचत, समय और उम्मीदें उनकी शिक्षा पर खर्च करते हैं, लेकिन जब फर्जी डिग्रियों, पेपर लीक, नकल माफिया और शैक्षणिक भ्रष्टाचार की खबरें सामने आती हैं, तब केवल कुछ संस्थानों या व्यक्तियों की साख नहीं गिरती, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था पर से भरोसा डगमगाने लगता है। यही कारण है कि शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता का प्रश्न आज केवल अकादमिक बहस का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुका है। हाल के वर्षों में भारत में अनेक ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और प्रशिक्षण संस्थानों पर अनियमितताओं के आरोप लगे। कहीं फर्जी अंकपत्र जारी किए गए, कहीं बिना पर्याप्त पढ़ाई और मूल्यांकन के डिग्रियां बांटने की शिकायतें मिलीं, तो कहीं भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में धांधली के आरोप लगे। इन घटनाओं ने यह सवाल खड़ा किया है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था वास्तव में योग्यता आधारित है या फिर उसमें ऐसे छेद पैदा हो चुके हैं जिनका लाभ उठाकर कुछ लोग अनुचित तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल प्रमाणपत्र देना नहीं होता। शिक्षा व्यक्ति को ज्ञान, कौशल, विवेक और जिम्मेदारी प्रदान करती है। एक डॉक्टर की डिग्री केवल एक कागज नहीं होती, बल्कि यह प्रमाण होती है कि उसने मानव जीवन की रक्षा करने योग्य ज्ञान और प्रशिक्षण प्राप्त किया है। एक इंजीनियर की डिग्री यह भरोसा देती है कि वह सुरक्षित भवन, पुल और तकनीकी संरचनाएं तैयार करने की क्षमता रखता है। एक शिक्षक की डिग्री इस बात की गारंटी मानी जाती है कि वह नई पीढ़ी को सही दिशा देने में सक्षम है। यदि इन डिग्रियों की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगे तो समाज का पूरा विश्वास तंत्र कमजोर पड़ने लगता है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि फर्जी डिग्रियों का नुकसान केवल उन लोगों तक सीमित नहीं रहता जो इन्हें हासिल करते हैं। इसका प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। यदि कोई अयोग्य व्यक्ति डॉक्टर बन जाए तो मरीजों का जीवन खतरे में पड़ सकता है। यदि किसी तकनीकी पद पर अयोग्य इंजीनियर पहुंच जाए तो सार्वजनिक परियोजनाओं की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। यदि शिक्षा संस्थानों में अयोग्य शिक्षक नियुक्त हो जाएं तो आने वाली पीढ़ियों की बौद्धिक क्षमता पर असर पड़ सकता है। इसलिए यह केवल धोखाधड़ी का मामला नहीं, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा और सामाजिक विश्वास का भी प्रश्न है। भारत में उच्च शिक्षा का तेजी से विस्तार हुआ है। यह आवश्यक भी था क्योंकि करोड़ों युवाओं को शिक्षा उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती थी लेकिन कई बार विस्तार की गति गुणवत्ता नियंत्रण से अधिक तेज रही।


**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून


# मरीज, मशीन और हैकर: स्वास्थ्य व्यवस्था का नया संकट



आरके जैन

> संकट की गहराई केवल डेटा चोरी तक सीमित नहीं है। आज साइबर हमले सीधे जीवनरक्षक चिकित्सा उपकरणों तक पहुँच सकते हैं। यदि किसी इंसुलिन पंप की डोज या वेंटिलेटर की सेटिंग से छेड़छाड़ हो जाए, तो परिणाम गंभीर हो सकते हैं। यह मात्र काल्पनिक आशंका नहीं, बल्कि वैश्विक अध्ययनों और चेतावनियों का विषय है। रैंसमवेयर हमलों के दौरान ऑपरेशन थिएटर प्रभावित होते हैं, आपातकालीन सेवाएँ बाधित होती हैं और उपचार व्यवस्था संकट में पड़ जाती है। डिजिटल चिकित्सा की नींव विश्वास पर टिकी है

अस्पतालों की सुरक्षा की पारंपरिक तस्वीर बदल रही है। आज स्वास्थ्य सेवाएँ इंटरनेट, डेटा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आधारित हैं। मरीज की जांच रिपोर्ट से लेकर उपचार रिकॉर्ड तक सब कुछ डिजिटल नेटवर्क से जुड़ा है। चिकित्सा जगत इसे प्रगति का प्रतीक मानता है, लेकिन इसके साथ एक अदृश्य खतरा भी उभर रहा है–साइबर हमलों का। अब अस्पताल के सर्वर में सेंध लगना केवल डेटा चोरी नहीं रह गया। जब चिकित्सा उपकरण और उपचार डिजिटल प्रणालियों पर निर्भर हों, तब कंप्यूटर नेटवर्क पर हुआ हमला सीधे मानव जीवन को प्रभावित कर सकता है। इसलिए जन स्वास्थ्य की सुरक्षा अब चिकित्सा विज्ञान के साथ-साथ साइबर सुरक्षा का भी महत्वपूर्ण विषय बन गई है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में इंटरनेट ऑफ मेडिकल थिंग्स का विस्तार अभूतपूर्व रहा है। पेसमेकर, इंसुलिन पंप, वेंटिलेटर, हार्ट मॉनिटर और एमआरआई जैसी मशीनें अब एक विशाल डिजिटल नेटवर्क का हिस्सा हैं। इससे उपचार और निगरानी बेहतर हुई है, लेकिन जोखिम भी बढ़े हैं। किसी डिवाइस की मामूली तकनीकी खामी साइबर अपराधियों के लिए प्रवेश का मार्ग बन सकती है। विश्व की कई नियामक संस्थाएँ लगातार ऐसी कमजोरियों को लेकर चेतावनी देती रही हैं, फिर भी स्वास्थ्य क्षेत्र का बड़ा हिस्सा उन्हें पर्याप्त गंभीरता से नहीं लेता। जबकि आज चिकित्सा उपकरणों में सुरक्षा कोई अतिरिक्त सुविधा नहीं, बल्कि जीवनरक्षा की अनिवार्य आवश्यकता है। जब साइबर हमले अस्पतालों को निशाना बनाते हैं, तब उनके दुष्परिणाम केवल कंप्यूटरों तक सीमित नहीं रहते। वर्ष 2017 में वानाक्राई रैंसमवेयर ने ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा को इस तरह प्रभावित किया कि कंप्यूटर ठप पड़ गए, सर्जरियाँ टालनी पड़ीं और स्वास्थ्य सेवाएँ बाधित हो गईं। यह डिजिटल युग की कठोर सच्चाई थी। कोविड महामारी के बाद भारत में स्वास्थ्य सेवाओं का डिजिटलीकरण तेजी से बढ़ा, पर सुरक्षा व्यवस्था उतनी मजबूत नहीं हो सकी। डिजिटल रिकॉर्ड, ऑनलाइन परामर्श और स्मार्ट उपकरणों के बढ़ते उपयोग के बीच अनेक अस्पताल अब भी पुराने सॉफ्टवेयर और असुरक्षित नेटवर्क पर निर्भर हैं। ऐसे में स्वास्थ्य संस्थान साइबर अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बनते जा रहे हैं। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी अब केवल अस्पतालों के रिकॉर्ड में नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के मोबाइल ऐप्स में भी सुरक्षित है। फिटनेस, शुगर मॉनिटरिंग, ब्लड प्रेशर और टेलीमेडिसिन ऐप्स व्यक्ति की बीमारी, दवाओं, पारिवारिक स्वास्थ्य इतिहास और कई बार आनुवंशिक जानकारी तक संजोते हैं। किंतु अनेक ऐप्स में सुरक्षा मानकों का पालन पर्याप्त नहीं होता। कमजोर पासवर्ड, अपर्याप्त एन्क्रिप्शन और समय पर अपडेट का अभाव उन्हें साइबर हमलों के प्रति संवेदनशील बनाता है। ऐसे में स्वास्थ्य डेटा अपराधियों के लिए बहुमूल्य संपत्ति बन जाता है, जिसका दुरुपयोग ब्लैकमेल से लेकर व्यावसायिक शोषण तक किया जा सकता है। जब स्वास्थ्य संबंधी गोपनीय सूचनाएँ लीक होती हैं, तब क्षति केवल डेटा तक सीमित नहीं रहती, बल्कि विश्वास की नींव भी हिल जाती है। बैंक खाते का पासवर्ड बदला जा सकता है, पर किसी व्यक्ति की बीमारी का इतिहास नहीं। यदि संवेदनशील स्वास्थ्य जानकारी सार्वजनिक हो जाए, तो उसका असर सामाजिक संबंधों, रोजगार के अवसरों और बीमा सुविधाओं तक पड़ सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य क्षेत्र अन्य क्षेत्रों से भिन्न है। यहाँ डेटा का मूल्य केवल आर्थिक नहीं, बल्कि व्यक्ति की पहचान, प्रतिष्ठा और गरिमा से जुड़ा होता है। इसलिए स्वास्थ्य प्रणालियों की असुरक्षा का नुकसान केवल संस्थानों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है।

संकट की गहराई केवल डेटा चोरी तक सीमित नहीं है। आज साइबर हमले सीधे जीवनरक्षक चिकित्सा उपकरणों तक पहुँच सकते हैं। यदि किसी इंसुलिन पंप की डोज या वेंटिलेटर की सेटिंग से छेड़छाड़ हो जाए, तो परिणाम गंभीर हो सकते हैं। यह मात्र काल्पनिक आशंका नहीं, बल्कि वैश्विक अध्ययनों और चेतावनियों का विषय है। रैंसमवेयर हमलों के दौरान ऑपरेशन थिएटर प्रभावित होते हैं, आपातकालीन सेवाएँ बाधित होती हैं और उपचार व्यवस्था संकट में पड़ जाती है। डिजिटल चिकित्सा की नींव विश्वास पर टिकी है। यदि मरीजों को तकनीक सुविधा के बजाय जोखिम का स्रोत लगने लगे, तो स्वास्थ्य क्षेत्र का डिजिटल परिवर्तन अपनी विश्वसनीयता खो सकता है। इस संकट की जड़ केवल तकनीकी कमजोरियाँ नहीं, बल्कि सुरक्षा के प्रति उपेक्षा है। चिकित्सा उपकरण निमार्ता अक्सर नई सुविधाओं और बाजार विस्तार को प्राथमिकता देते हैं, जबकि सुरक्षा पीछे छूट जाती है। अस्पतालों में साइबर सुरक्षा को अब भी अतिरिक्त खर्च माना जाता है। कर्मचारियों का अपर्याप्त प्रशिक्षण, फिशिंग ईमेल के प्रति लापरवाही और कमजोर पासवर्ड जोखिम बढ़ाते हैं। भारत में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन स्वास्थ्य क्षेत्र को नई दिशा दे रहा है, लेकिन यह भविष्य तभी सुरक्षित होगा जब सुरक्षा ढाँचा भी मजबूत बने। डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था की वास्तविक मजबूती तकनीक नहीं, बल्कि सुरक्षा के प्रति संस्थागत प्रतिबद्धता से तय होगी। समाधान जटिल नहीं हैं, आवश्यकता केवल दृढ़ क्रियान्वयन की है। मेडिकल डिवाइसों के प्रमाणन में साइबर सुरक्षा को अनिवार्य शर्त बनाया जाना चाहिए। अस्पतालों में नियमित सुरक्षा परीक्षण, डेटा एन्क्रिप्शन, मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और कर्मचारियों का प्रशिक्षण सुनिश्चित हो। हेल्थ ऐप्स के लिए कड़े डेटा संरक्षण मानक और जवाबदेही तंत्र विकसित किए जाएँ। साथ ही नागरिकों को भी डिजिटल सुविधा के साथ डिजिटल सतर्कता अपनानी होगी। भारत के पास तकनीकी क्षमता, विशेषज्ञता और विशाल डिजिटल नेटवर्क है; अब आवश्यक है कि स्वास्थ्य सेवाओं का डिजिटल विस्तार सुरक्षा की सुदृढ़ नींव पर खड़ा हो।

अदृश्य डिजिटल संसार आज जन स्वास्थ्य का नया रणक्षेत्र बन चुका है। यहाँ रक्षा के सबसे बड़े साधन सतर्कता, तकनीकी तैयारी और दूरदर्शी नीतियाँ हैं। यदि स्वास्थ्य व्यवस्था को भविष्य के अनुरूप सुरक्षित बनाना है, तो साइबर सुरक्षा को उसकी परिधि नहीं, बल्कि केंद्र में रखना होगा। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब अस्पतालों के सामने सबसे बड़ा खतरा किसी वायरस से नहीं, बल्कि कंप्यूटर स्क्रीन के पीछे बैठे एक हैकर से होगा। आधुनिक चिकित्सा की सफलता इसी पर निर्भर करेगी कि वह इस नए खतरे को कितनी गंभीरता से पहचानती और उसका सामना करती है।



## सड़क पर बिखरा साहित्य

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

सड़कों पर दौड़ते वाहन केवल वाहन नहीं होते, बल्कि चलती-फिरती दर्शनशास्त्र की यूनिवर्सिटी होते हैं। जब कोई नौसिखिया ड्राइवर अपनी चमचमाती कार में बैठकर स्टियरिंग थामता है तो उसे लगता है कि वह सड़क का सिकंदर है लेकिन असली ज्ञान तो उस खटारा ट्रक के पीछे लिखा होता है जो धुएं का गुबार छोड़ते हुए कहता है ₹मालिक की ज़िंदगी, चेले की ऐश... उड़ाओ कैश₹। यह लाइन पढ़ते ही कार के गियर में हाथ लगाए बैठे मध्यमवर्गीय इंसान का सारा घमंड वैसे ही पिघल जाता है जैसे चिलचिलाती धूप में कुल्फी पिघलती है। हमारे देश की सड़कों पर ट्रैफिक रूल्स की कॉपियां भले ही धूल खा रही हों पर इन ट्रकों और ऑटो के पीछे लिखे जीवन के गहरे फलसफे हर आने-जाने वाले की आत्मा को झकझोर कर रख देते हैं। आप किसी भी बड़े शहर के चौराहे पर खड़े हो जाइए आपको यमराज की ड्यूटी और इंसानी मजबूरी का ऐसा लाइव कॉम्बिनेशन कहीं और देखने को नहीं मिलेगा जो इन गाड़ियों के बंपर पर मुफ्त में उपलब्ध रहता है। यह इस देश का सबसे सस्ता और टिकाऊ मनोरंजन है जिसे देखने के लिए किसी मल्टीप्लेक्स का टिकट नहीं कटाना पड़ता बस अपनी आंखें खुली रखनी पड़ती हैं। सड़क पर निकलते ही पहला मुकाबला उस बिरादरी से होता है जो जीवन को एक रेस समझती है और जिनकी गाड़ियों के पीछे लिखा होता है ₹धीरे चलोगे तो बार-बार मिलोगे, तेज चलोगे तो हरिद्वार मिलोगे₹। इस एक लाइन में जीवन और मृत्यु का जो अद्भुत ककहरा सिखाया गया है उसे पढ़कर बड़े-बड़े संतों की समाधि भंग हो सकती है। लोग सुबह-सुबह ऑफिस जाने की जल्दी में अपनी बाइक को हवाई जहाज बनाने की कोशिश करते हैं तभी उनके सामने कोई ऐसा ही ऑटो आ जाता है जिसके पीछे बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा होता है ₹हँस मत पगली, प्यार हो जाएगा... ब्रेक मत मार, एक्सीडेंट हो जाएगा₹। इसे पढ़कर अच्छे-अच्छे रोमियो अपनी गाड़ी की स्पीड चालीस से नीचे कर लेते हैं क्योंकि मोहब्बत और हाईवे दोनों में ही जब ब्रेक फेल होता है तो नुकसान सीधा दिल और बंपर का ही होता है। भारतीय सड़कों पर ड्राइविंग करना किसी युद्ध के मैदान में उतरने जैसा है जहाँ आपको हर मोड़ पर एक नई चुनौती का सामना करना पड़ता है। यहाँ यमराज किसी कोने में बैठकर चाय की चुस्की ले रहे होते हैं और उनके प्रतिनिधि के रूप में हमारी गाड़ियों के पीछे लिखा होता है ₹दम है तो पास कर, वरना बर्दाश्त कर₹। यह सीधा सा संदेश उस पूरी व्यवस्था पर करारा तमाचा है जो हर वक्त आगे निकलने की अंधी दौड़ में अंधी हो चुकी है।

सच्ची मोहब्बत की तलाश में भटके हुए आशिकों के लिए तो ये गाड़ियां किसी मंदिर के चबूतरे जैसी हैं जहाँ हर टूटे दिल की दास्तान पेंट से लिखी होती है। जब कोई आशिक अपनी महबूबा की शादी के गम में देवदास बनने की बजाय ट्रक का ड्राइवर बन जाता है तो वह अपनी गाड़ी पर लिखवाता है।

# विचार

## द कॉकरोच बस्ट : एक लाख जीवित कॉकरोच पकड़े गए

**अनिकेत सिंह**

**हमारे** देश में भी पिछले कुछ दिनों से कॉकरोच चर्चा में हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर पर जब प्रदर्शन का आयोजन हुआ, तब ऐसी बातें चल रही थीं कि ऐसा हो जाएगा और वैसा हो जाएगा। ऐसा कुछ हुआ नहीं। कुल मिलाकर यह प्रदर्शन फ्लॉप शो जैसा साबित हुआ है। खैर, आज हमें इस बारे में बात नहीं करनी है, बल्कि ऑस्ट्रेलिया में पकड़े गए एक लाख जितने जीवित जायंट कॉकरोच की बात करनी है। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स के बाथर्स्ट शहर में पर्यावरण विभाग द्वारा एक ब्रीडर के पास से एक लाख जितने जीवित कॉकरोच पकड़ कर जब्त किए गए थे। एक साथ एक लाख कॉकरोच पकड़े गए हों ऐसी यह दुनिया की पहली घटना है। ऑस्ट्रेलिया की सरकार इन कॉकरोचों को मार डालने वाली है। अगर कॉकरोच छूट जाएं तो वे खेती-बाड़ी को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इन कॉकरोचों से लोगों को तरह-तरह की बीमारियां होने का भी डर है। ऑस्ट्रेलिया के इतिहास में कीड़े-मकोड़ों की यह सबसे बड़ी जब्ती है। पकड़े गए कॉकरोच में मेडागास्कर हिसिंग कॉकरोच और ड्यूबिया कॉकरोच शामिल हैं। ये कॉकरोच सामान्य कॉकरोचों की तुलना में कई गुना बड़े होते हैं। कुछ कॉकरोच तो इंसान की हथेली जितने बड़े भी होते हैं। ब्लैक मार्केट में इन कॉकरोचों की कीमत दो लाख ऑस्ट्रेलियन डालर यानी कि लगभग एक करोड़ चौदह लाख रुपए जितनी होने का अनुमान है।

ऑस्ट्रेलिया पूरी दुनिया में अपने कड़े बायो-सिक्योरिटी रूल्स (जैव-सुरक्षा नियमों) के लिए जाना जाता है। ऑस्ट्रेलिया में विदेशी कॉकरोच और अन्य कीड़े-मकोड़े लाने, रखने और बेचने पर प्रतिबंध है। ऑस्ट्रेलिया सरकार का मानना है कि जो जीव यहां के नहीं हैं, वे जीव-जंतु अगर बाहर निकल गए तो स्थानीय पर्यावरण और जीव-सृष्टि को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इतना ही नहीं, कुछ जीव-जंतुओं के कारण मनुष्यों में भी बीमारियां फैल सकती हैं। जो कॉकरोच पकड़े गए हैं, वे कई तरह से जोखिम भरे हैं।

ऑस्ट्रेलिया में वर्ष 1935 में एक घटना घटी थी। केन टोड्स नाम के बड़े मेंढकों को लोग गन्ने की फसल को कीड़ों से बचाने के लिए लाए थे। देखते ही देखते ये मेंढक पूरे देश में फैल गए। ये मेंढक अन्य जीवों को खाने लगे और देश के पर्यावरण के लिए संकट पैदा हो गया था। इसके अलावा शिकार के शौक के लिए लाए गए जंगली खरगोश और लाल लोमड़ी के कारण ऑस्ट्रेलिया के कंगारूओं पर खतरा पैदा हो गया था। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया में जीव-जंतुओं को पालने, पोसने, रखने और बेचने के नियम अत्यंत सख्त बना दिए गए थे। इसके बावजूद चोरी-छिपे यह सब चलता रहता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतने बड़े पैमाने पर कॉकरोचों को पालने की क्या जरूरत थी इसका कारण पेट फूड मार्केट यानी कि पालतू जानवरों का भोजन बाजार था। ये कॉकरोच बहुत बड़े और अन्य कीड़े-मकोड़ों की तुलना में वजन में भारी होते हैं। लिजार्ड (छिपकली) और मछलियों सहित अन्य जीवों के लिए इन कॉकरोचों का भोजन के रूप में उपयोग होता है। बहुत कम कॉकरोचों में पालतू जानवरों का पेट भर जाता है।

अन्य कीड़े-मकोड़ों की तुलना में ये सस्ते पड़ते हैं। ऐसा भी माना जाता है कि जीव-जंतुओं को ये कॉकरोच बहुत पसंद आते हैं। कॉकरोचों की संख्या एक लाख से अधिक है, इसलिए पुलिस का मानना है कि यह सब लंबे समय से चल रहा होगा। जांच में एक बात यह भी सामने आई है कि विदेश से लाने वाले, इसे पालने वाले, कॉकरोच खरीदने वाले और इसे फिर से बेचने वाले लोगों का एक पूरा नेटवर्क काम कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने यह घोषणा की है कि पालतू जीवों को खिलाने के लिए विदेशी जीव-जंतु न खरीदें, बल्कि केवल स्थानीय यानी कि ऑस्ट्रेलिया के ही क्रिकेट्स (झींगुर) और वुड रोचिस यानी कि लकड़ी में पैदा होने वाले कॉकरोचों का ही उपयोग करें। ऑस्ट्रेलिया में अवैध रूप से विदेशी जीव-जंतुओं को पालने की सजा दस वर्ष जितनी है। इस केस में भी ब्रीडर को सजा होने की पूरी संभावना जताई जा रही है। जो एक लाख कॉकरोच पकड़े गए हैं, उन्हें ऑस्ट्रेलिया सरकार ने इच्छा मृत्यु देने की यानी कि मार डालने की घोषणा की है। सरकार का कहना है कि, मेडागास्कर हिसिंग कॉकरोच अगर ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में फैल गए, तो वे बैक्टीरिया और वायरस फैलाकर


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)

'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# आलेख

## क्या भारत बूढ़ा होने की ओर बढ़ रहा है?

**महेन्द्र तिवारी**

**भारत को लं**बे समय से वैश्विक पटल पर एक ऊजार्वान और सबसे युवा आबादी वाले देश के रूप में देखा जाता रहा है। यही वह मुख्य कारण है जिसके आधार पर पिछले कुछ वर्षों में दुनिया भर के अर्थशास्त्रियों और विचारकों ने भारत को भविष्य की एक अनिवार्य आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्वीकार किया। देश की इस विशाल युवा आबादी को उसकी सबसे बड़ी पूंजी और सामर्थ्य माना गया क्योंकि समाज का युवा वर्ग ही उत्पादन, नए विचारों, नवाचार, श्रम शक्ति और उपभोग का सबसे बड़ा केंद्र होता है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था तभी गति पकड़ती है जब उसमें उपभोग करने वाले और उत्पादन करने वाले दोनों ही स्तरों पर युवाओं की सक्रिय भागीदारी हो। लेकिन हाल के समय में इस उत्साह के बीच एक नई और अत्यंत गंभीर चिंता उभरकर सामने आने लगी है। यह चिंता जनसंख्या विस्फोट या आबादी बढ़ने की नहीं है, बल्कि जनसंख्या के भीतर बदलती आयु संरचना की है। यदि आने वाले वर्षों में देश की युवा आबादी का अनुपात लगातार घटता गया और बुजुर्गों की संख्या में अप्रत्याशित रूप से तेजी से वृद्धि होती रही, तो भारत को भी निकट भविष्य में उन अभूतपूर्व समस्याओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है जिनसे आज जापान, दक्षिण कोरिया और कई विकसित यूरोपीय देश अत्यंत तीव्रता से जूझ रहे हैं। वर्तमान में उपलब्ध अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के सांख्यिकीय आंकड़े इसी ओर संकेत कर रहे हैं कि भारत के जनसांख्यिकीय ढांचे में एक मौन परंतु बहुत बड़ा परिवर्तन हो रहा है। देश की कुल प्रजनन दर अब 2.1 के उस प्रतिस्थापन स्तर से काफी नीचे पहुंच चुकी है जिसे किसी भी समाज की जनसंख्या को स्थिर बनाए रखने के लिए अनिवार्य मानक माना जाता है।

वर्ष 2025 के नवीनतम प्रतिवेदनों और आंकड़ों के अनुसार भारत की राष्ट्रीय प्रजनन दर लगभग 1.9 दर्ज की गई है, जबकि वर्ष 2014 में यही दर 2.3 के स्तर पर थी। इस सांख्यिकीय गिरावट का सीधा और स्पष्ट अर्थ यह है कि अब औसतन प्रत्येक महिला उतने बच्चों को जन्म नहीं दे रही है जितने अगली पीढ़ी में जनसंख्या के संतुलन और स्थिरता को बनाए रखने के लिए आवश्यक माने जाते हैं।

## विकास की चकाचौंध में गुम बेघर लोगों के सपने"

**डॉ विजय गर्ग**

**भारत** आज दुनिया की सबसे तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है। महानगरों में ऊँची-ऊँची इमारतें, चौड़ी सड़कें, मेट्रो रेल, एक्सप्रेस-वे, स्मार्ट सिटी परियोजनाएँ और आधुनिक सुविधाएँ विकास की नई तस्वीर पेश कर रही हैं। सरकारें और उद्योग जगत इन उपलब्धियों को देश की प्रगति का प्रतीक बताते हैं। लेकिन इस चमकदार विकास के पीछे एक ऐसा वर्ग भी है, जिसकी आवाज अक्सर अनसुनी रह जाती है–बेघर लोग। जब हम किसी बड़े शहर की चमचमाती सड़कों से गुजरते हैं, तो फुटपाथों पर सोते हुए परिवार, पुलों के नीचे रहने वाले बच्चे और खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर बुजुर्ग भी दिखाई देते हैं। ये दृश्य हमें याद दिलाते हैं कि विकास की कहानी अभी अधूरी है। आर्थिक प्रगति का वास्तविक अर्थ तभी है जब समाज का सबसे कमजोर व्यक्ति भी सम्मानजनक जीवन जी सके। बेघर होने की मजबूरी कोई भी व्यक्ति अपनी इच्छा से बेघर नहीं बनता। इसके पीछे कई सामाजिक और आर्थिक कारण होते हैं। गरीबी, बेरोजगारी, प्राकृतिक आपदाएँ, पारिवारिक विघटन, बढ़ती महंगाई, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कमी और शहरों में महंगे मकान लोगों को बेघर होने की ओर धकेलते हैं। गाँवों से लाखों लोग रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन करते हैं। लेकिन शहरों में उन्हें पर्याप्त आय नहीं मिलती और किराए पर रहने के लिए आवश्यक संसाधन भी नहीं होते। परिणामस्वरूप वे फुटपाथों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों या अस्थायी झुग्गियों में रहने को मजबूर हो जाते हैं।

**विकास और विस्थापन**

कई बार विकास परियोजनाएँ भी लोगों के बेघर होने का कारण बनती हैं। नए हाईवे, औद्योगिक क्षेत्र, बांध, रेलवे लाइनें और शहरी पुनर्विकास योजनाओं के लिए हजारों परिवारों को अपनी जमीन और घर छोड़ने पड़ते हैं। हालाँकि पुनर्वास की योजनाएँ बनाई जाती हैं, लेकिन अनेक मामलों में प्रभावित परिवारों को पर्याप्त मुआवजा या वैकल्पिक आवास नहीं मिल पाता। परिणामस्वरूप वे विकास की कीमत चुकाने वाले ऐसे नागरिक बन जाते हैं जिन्हें स्वयं विकास का लाभ नहीं मिल पाता।

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा सरकार द्वारा सूरजमुखी का भाव बढ़ाने और आलू की फसल का भावांतर भरपाई लाभ देने के लिए किसानों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार



**बाबैन, 8 जून (विजय कौशिक) :** भाजपा सरकार द्वारा किसानों की आलू की फसल का भावांतर भरपाई लाभ देने और सूरजमुखी की फसल के भाव में वृद्धि किए जाने पर बाबैन क्षेत्र के किसानों ने खुशी व्यक्त करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। क्षेत्र के प्रगतिशील किसान डिम्पल सैनी, सुभाष कसीथल व तरसेम राय का कहना है कि प्रदेश सरकार के आलू की फसल का भावांतर भरपाई लाभ देने और सूरजमुखी की फसल का रेट बढ़ाने से असलू और सूरजमुखी उत्पादक किसानों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा और उनकी आय में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसान हितैषी नीतियों के तहत लगातार किसानों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जहां 24 से अधिक फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जा रही है, जिससे किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है।
डिम्पल सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सूरजमुखी के भाव में बढ़ोतरी का निर्णय से किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सरकार के इस कदम से किसानों का मनोबल बढ़ा है तथा उन्हें अपनी मेहनत का बेहतर प्रतिफल मिलेगा। सुभाष कसीथल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर किसान हित में लिए जा रहे निर्णयों से कृषि क्षेत्र को मजबूती मिल रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार भविष्य में भी किसानों की समस्याओं का समाधान करने और उनकी आय बढ़ाने के लिए इसी प्रकार के सकारात्मक कदम उठाती रहेगी। इस अवसर पर किसानों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद करते हुए कहा कि सूरजमुखी के बढ़े हुए भाव से क्षेत्र के हजारों किसानों को लाभ पहुंचेगा तथा कृषि को लाभकारी बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### होटल अग्निकांड के बाद करनाल में सख्ती

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** देश की राजधानी दिल्ली में हाल ही में हुए बड़े अग्निकांड से सबक लेते हुए फायर विभाग ने जिलेभर में फायर सेफ्टी को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। विभाग की टीमें लगातार होटल, रेस्टोरेंट, अस्पताल और कोचिंग सेंटरों की जांच कर रही हैं। जांच के दौरान जहां भी कमी मिल रही है, वहां तुरंत नोटिस जारी किए जा रहे हैं। साथ ही संस्थानों में सुरक्षा को लेकर जागरूकता भी बढ़ाई जा रही है।
इसी कड़ी में आज सेक्टर 6 स्थित जेनेसिस शिक्षण संस्थान में विभाग के अधिकारी सुधीर नेवट ने अपनी टीम के साथ मॉक ड्रिल का आयोजन किया। टीम द्वारा सबसे पहले संस्थान में जाकर फायर उपकरणों की जांच की और विभाग से एनओसी मांगी। दस्तावेजों की जांच के बाद टीम द्वारा संस्थान में मौजूद बच्चों को आग लगने की स्थिती में किस प्रकार निपटा जाए। उसके बच्चों उन्होंने बच्चों को आग लगने के बाद कैसे अंदर से बाहर निकाला जाए, उसके बार में जानकारी दी। बाद में आग लगाकर फायर उपकरणों से बच्चों व स्टॉफ से आग बुझवाई।
जिला फायर विभाग ने जांच के लिए चार अलग-अलग टीमें बनाई हैं। ये टीमें शहर और आसपास के इलाकों में जाकर संस्थानों की फायर सेफ्टी व्यवस्था की बारीकी से जांच कर रही हैं। जांच के दौरान फायर उपकरणों की स्थितिए अलार्म सिस्टम और आपातकालीन निकासी व्यवस्था को विशेष रूप से देखा जा रहा है। अभियान के तहत पिछले दो दिनों में 50 से ज्यादा होटल और रेस्टोरेंट को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। जिन संस्थानों में फायर एनओसी नहीं मिली या उपकरण सही हालत में नहीं पाए गए, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# लखमड़ी में विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री से मिले एसपी नवरीत सिंह

**बैठक**

**बैठक में मुख्यमंत्री ने गांव की समस्याओं व विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही**



**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबैन, 8 जून (विजय कौशिक) :** बाबैन खंड के गांव लखमड़ी के विकास कार्यों को लेकर लखमड़ी निवासी व संगरुर के एसपी नवरीत सिंह विर्क ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर गांव की प्रमुख मांगों और विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण तथा पीर बाबा मीर की मजार तक सडक निर्माण की आवश्यकता को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखा। एसपी नवरीत सिंह विर्क ने बताया कि गांव लखमड़ी के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की मांग लंबे समय से की जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि यदि सरकार उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण को मंजूरी देती है तो इसके लिए उनका परिवार एक एकड़ भूमि दान स्वरूप उपलब्ध करवाएंगे,
जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 80 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि गांव के विकास के प्रति उनके परिवार की प्रतिबद्धता पहले भी रहती है। इससे पूर्व भी उनका परिवार गांव के सरकारी स्कूल और पशु अस्पताल के लिए भूमि दान दे चुका हैं, जिससे ग्रामीणों को शिक्षा और पशुपालन संबंधी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उनके परिवार ने अपने निजी खर्च से गांव के भव्य स्वागत द्वार का निर्माण भी करवाया है, जिस पर लाखों रुपये खर्च किए गए हैं।
मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने गांव की समस्याओं व विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही और कहा कि वे सभी कार्यों का निरीक्षण करवा के सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने का काम करेंगे। गांव के धार्मिक एवं सामाजिक महत्व को देखते हुए पीर बाबा मीर की मजार तक पक्की सडक के निर्माण का मुद्दा भी उठाया गया।
विर्क ने कहा कि इस सडक के बनने से श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।

## सीआईए असंध की बड़ी कार्रवाई, नशीली गोलियों सहित एक आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** सीआइए असंध की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी विरेन्द्र सिंह उर्फ ब्रिन्दु पुत्र साहब सिंह उर्फ साबी, निवासी असन्ध, जिला करनाल को काबू किया है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से बिना लाइसेंस-परमिट के 1185 नशीली एल्प्राजोलम गोलियां व एक मोटरसाइकिल तस्करी में प्रयुक्त बरामद की गई।
इस संबंध में आरोपी की खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपी को आज न्यायालय के समक्ष पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से गहनता से



पूछताछ की जा रही है, ताकि नशा तस्करी नेटवर्क में जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। टीम द्वारा मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है तथा यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी यह नशीले पदार्थ कहां से लाता था और किन-किन स्थानों पर सप्लाई करता था। पूरे नेटवर्क को उजागर करने हेतु अनुसंधान जारी है।

### बिजली शिकायतों की सुनवाई आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल परिचालन परिमंडल के अधीक्षक अभियंता ने बताया कि 9 जून को प्रातः 11 बजे कांफ्रेंस हॉल, विद्युत सदन, सर्कल कार्यालय, सेक्टर-12 करनाल में बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के उद्देश्य से संबंधी शिकायतें सुनी जाएंगी। शिकायतों की सुनवाई परिचालन उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल के अध्यक्ष करेंगे। उन्होंने बताया कि ऐसे उपभोक्ता जिनकी बिजली संबंधी समस्याओं का अधिकारियों से मिलने के बाद भी समाधान नहीं हो पा रहा है।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से ग्रामीणों को मिली स्वास्थ्य सेवाएं

**स्वास्थ्य सेवा**

**नवीन जिन्दल फाउंडेशन की पहल से गांव-गांव पहुंच रही नि :शुल्क चिकित्सा सुविधाएं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 8 जून (विजय कौशिक) :** सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित स्वस्थ कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को घर-द्वार तक पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव मुरादनगर और भूत माजरा पहुंची, जहां ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराई गई।
मोबाइल मेडिकल यूनिट में डॉ. प्रमोद ने बताया कि शिविर के दौरान ग्रामीणों के स्वास्थ्य की विस्तृत जांच की गई तथा उन्हें विभिन्न बीमारियों से बचाव एवं उपचार संबंधी आवश्यक परामर्श दिया गया। रक्तचाप, मधुमेह सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की गई। इस दौरान 104 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, जबकि 6 लोगों के रक्त परीक्षण भी मौके पर ही किए गए।
सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन का उद्देश्य केवल स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक करना भी है। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से ग्रामीणों को संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित व्यायाम तथा रोगों की रोकथाम संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी जा रही है।

### दिनदिहाड़े नई नवेली दुल्हन के गहने चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** करनाल के बरसत गांव में दिनदिहाड़े एक घर में चोरी की वारदात सामने आई। चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुआ और अलमारी से गहने व नकदी चोरी कर फरार हो गया। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित परिवार ने पुलिस को शिकायत दी है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार चोर रविवार को छत के रास्ते घर के अंदर घुसा। घर के अंदर रखी अलमारी को चाकू की मदद से खोला गया। इसके बाद आरोपी ने पूरी अलमारी को खंगाल दिया। अलमारी में रखे करीब 70 हजार रुपए के गहने और 20 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फिर से छत पर चढ़ा और वहां से कूदकर फरार हो गया।
परिजनों के अनुसार घर उस समय पूरी तरह खाली था। इसी का फायदा उठाकर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। चोरी के समय न तो घर का मालिक मौजूद था और न ही कोई अन्य सदस्य। बरसत निवासी कमल ने बताया कि उसका साला गौरव बरसत में अपने परिवार के साथ रहता है। गौरव की शादी करीब दो महीने पहले हुई थी। रविवार को गौरव काम पर गया हुआ था, जबकि उसकी पत्नी रिंकी अपने मायके गई हुई थी।

## हर युवा को 'सत्यार्थ प्रकाश' पढना चाहिए तभी उनका जीवन सार्थक होगाः पूर्व जस्टिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 8, जून (विजय कौशिक) :** आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के वार्षिक अधिवेशन में विजय वेदपाल ने बोलते हुए कहा कि मोबाईल पर ह्य हैलो ह्य की बजाए ह्यओइम नमस्ते जीह्न बोल कर अभिवादन करने से वैदिक संस्कृति व आर्य समाज का प्रचार व प्रसार हर घर तक हो जाएगा।
विजय वेदपाल ने कहा कि आज आर्य समाज में युवाओं को जोड? की आवश्यकता है और उसके लिए जरूरी है कि हर आर्य समाजी अपने साथ अपने पुत्र व पुत्रियों व पोते और पोत्रियों को भी आर्य समाज के कार्यक्रमो में लेकर आये। उन्होंने कहा कि हर घर में मोबाइल वर्जित कक्ष बनाये जहाँ परिवार के सदस्य कम से कम 2 घण्टे इकट्ठे बैठ कर विचार, समस्याएं व समाधान साँझा करे और कुटुम्ब प्रबोधन को बढ़ावा दे । उन्होंने कहा कि आर्य रतन ,पदम श्री डॉ पूनम सूरी के 21 वे प्रधान बनने पर उन की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुये कहा कि उन्होंने डी ए वी संस्थाओं व आर्य समाज को एक कड़ी में पिरो कर हर कार्य की शुरूआत विश्व के श्रेष्ठतम कर्म हवन यज से करने की प्रथा चलाई उन्होंने कहा कि स्वतन्त्रता संग्राम में बाल गंगाधर तिलक, पंजाब केसरी लाला लाजपत राय, स. शहीदे आजम भगत सिंह, शहीद शिरोमणि उद्यम सिंह जैसे जितने भी महानायक थे ,सब कही न कही आर्य समाज की विचारधारा से जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा कि आज महर्षि दयानन्द सरस्वती व स्वामी श्रदानन्द जी के मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती ने सबसे पहले स्वराज व भारत भारतीय के लिए का नारा दिया था।
उन्होंने भारतीय को वेदो की ओर लोटने का आहवान किया था।
उन्होंने कहा कि आर्य समाज चित्रों पर विश्वास करने की बजाए चरित्र पर ज्यादा बल देता है। पूर्व लोकायुक्त एवं पूर्व जस्टिस प्रीतम पाल ने कहा कि पाखण्डों का खण्डन व वेदो का महत्व समझने के लिए हर युवा को ह्यसत्यार्थ प्रकाश पढना चाहिए तभी उनका जीवन सार्थक होगा।



## जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं को किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर द्वारा हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत पांच दिवसीय निःशुल्क रेल यात्रा पर सोमनाथ मंदिर के दर्शन हेतु जा रहे श्रद्धालुओं को करनाल रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
इस अवसर पर श्रद्धालुओं को उनकी सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। इस दौरान करनाल नगर निगम की महापौर श्रीमती रेणु बाला गुप्ता सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।
जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने बताया कि हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और अंत्योदय परिवारों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा करवाई जा रही है, सरकार ने रेलवे यात्रा के लिए आईआरसीटीसी के साथ करार किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा अभी हाल ही में कुरुक्षेत्र से गुजरात के सोमनाथ धाम के लिए एक विशेष ट्रेन रवाना की गई है।



### पुलिस द्वारा ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया गया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के दिशा-निदेर्शानुसार जिला पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सहायक उप निरीक्षक जगमाल सिंह के नेतृत्व में गठित नशा मुक्ति टीम द्वारा थाना घरौंडा क्षेत्र के गांव पुंडरी में डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाया गया।
अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा घर-घर जाकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गया।

## महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर मंथन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता एवं भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने अपने निवास स्थान पर हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया के आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।
इस अवसर पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में महिला सशक्तिकरण, समाज कल्याण, महिला सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता तथा जनहित से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। बैठक के दौरान महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने तथा समाज में उनकी सहभागिता को और अधिक मजबूत करने के विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया।



महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया का मार्गदर्शन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा, उनके सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में उनके द्वारा किए जा रहे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अनुभवी एवं समर्पित व्यक्तित्व का सान्निध्य सदैव नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और जनसेवा के प्रति समर्पण की भावना को और मजबूत करता है।
महापौर ने रेणु भाटिया के स्नेहपूर्ण आगमन के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाजहित एवं महिला कल्याण के क्षेत्र में उनके अनुभवों और सुझावों से निश्चित रूप से सकारात्मक दिशा प्राप्त होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महिलाओं के सर्वांगीण विकास और सामाजिक उत्थान के लिए सभी को मिलकर निरंतर कार्य करना चाहिए.हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सशक्त, संवेदनशील और समृद्ध समाज की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को महिलाओं के अधिकारों और उनके उत्थान के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील होना चाहिए।
आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, खेल, उद्योग और सामाजिक नेतृत्व सहित प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं।

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लाडवा विधानसभा हो रहा है तेज गति से विकसितः दत्त

**लाडवा 8, जून (विजय कौशिक) :** मार्केट कमेटी चेयरमैन डा. गणेश दत्त ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लाडवा विधानसभा तेज गति से विकसित हो रहा है। सरकार अंत्योदय की नीति से कार्य कर रही है। मौजूदा समय में विधानसभा के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जिन विकास कार्यों का काम चल रहा है, उनके पूरा होते ही प्रदेश में लाडवा विधानसभा की अलग ही पहचान होगी।
चेयरमैन डा.गणेश दत्त सोमवार को मार्केट कमेटी कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान में मार्केट कमेटी लाडवा की तरफ से पूरा सहयोग दिया जाएगा। जहां पर भी मार्केट कमेटी लाडवा के पास जगह उपलब्ध है, वहीं पर पौधे रोपित करवाए जाएंगे। इसके साथ ही पहले से जो पेड़-पौधे लगे हुए हैं, उनकी सुरक्षा के लिए चारों और की फाउंडेशन, नींव का निर्माण करवाया जाएगा।



चेयरमैन डा. गणेश दत्त ने कहा कि नई सब्जी मंडी लाडवा के गेट नंबर दो के पास नए शौचालय और यूरिनल का निर्माण करवाया जाएगा। सब्जी मंडी में आने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए ये फैसला लिया है। आने वाले समय में ऐसे और भी फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी लाडवा में कुछ बूथों की मलकियत तब्दील भी की जाएगी। इसको लेकर व्यापारी व आढ़ती लंबे समय से मांग करते आ रहे थे।चेयरमैन डा. गणेश दत्त ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना चलाई हुई है। इस योजना के तहत कृषि संबंधी कार्य करते हुए किसान व मजदूरों के दिव्यांग या मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजना के तहत जिन पात्रों के मार्केट कमेटी लाडवा कार्यालय में आवेदन आए हुए हैं। उन सभी पात्रों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। बैठक में दिसंबर 2025 से मार्च 2026 तक के आय व व्यय का ब्योरा बैठक में प्रस्तुत किया गया। इस बैठक में डिप्टी चेयरमैन सुरेंद्र सिंगला, मार्केट कमेटी सचिव संत कुमार, महेश शर्मा, नरेंद्र भूत माजरा, संजय गर्ग, भूपेंद्र सिंह, ज्ञान सिंह, राजबीर, गुरनाम सिंह व श्रवण सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## दुपहिया वाहन चोरी मामलों में आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ टीम सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार की अध्यक्षता में दुपहिया वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी कुलवन्त सिंह उर्फ कान्ता पुत्र जीत सिंह, निवासी रामनगर, जिला करनाल तथा कीर्ति नगर, जिला कुरुक्षेत्र, हाल खानाबदोश को काबू किया है।
पुलिस टीम द्वारा आरोपी को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर उपरोक्त मुकदमा में शामिल तफ्तीश के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर विधिनुसार गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ थाना रामनगर करनाल में दर्ज मुकदमा के तहत मामला दर्ज किया गया था।
प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी तथा आर्म्स एक्ट आदि के कई मुकदमे दर्ज हैं।
पुलिस टीम द्वारा आरोपी से गहन पूछताछ कर आज पुनः न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



# वैध मतदाताओं के नाम काटने की कार्यवाही पर हमारे बीएलए-2 प्रत्येक बूथ पर रोक लगाने का काम करेंगे: यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने सोमवार को आदर्श नगर और तिलक नगर जिला कांग्रेस कमेटी में आयोजित बीएलए-2 के एसआईआर प्रशिक्षण शिविरों को सम्बोधित किया। आदर्श जिला कांग्रेस कमेटी में आयोजित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ राव ने किया। जिसकी शुरूआत प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दीप प्रज्वलित करके की। तिलक नगर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भी बीएलए-2 का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला अध्यक्ष अमनजीत सिंह सुदान ने किया गया। प्रशिक्षण शिविरों में प्रशिक्षण बूथ मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन राजेश गर्ग की टीम के द्वारा किया गया। प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि अगर हम बूथ को मजबूत बनाऐंगे तो निश्चित ही चुनाव में विजय हासिल कर सकेंगे। बीएलएल-2 हमारी चुनाव के समय की मजबूत रीढ़ है और इनकी मुस्तैदी से काम करने पर कांग्रेस भाजपा की वोट चोरी पर पूरी तरह लगाम लगा सकती है। सरकार द्वारा भाजपा की साजिश के तहत एस.आई.आर. में वैध मतदाताओं के नाम काटने की कार्यवाही पर हमारे हजारों बीएलए-2 प्रत्येक बूथ पर रोक लगाने का काम करेंगे, जिसका प्रशिक्षण आज के कार्यक्रम में हमारी बूथ मैनेजमेंट की टीम प्रत्येक प्रशिक्षण शिविर में रही है।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल, डा. नरेन्द्र नाथ, महासचिव संगठन और कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, वजीरपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता, जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ राव, अमनदीप सिंह सुदान, मंगेश त्यागी, मोहम्मद उस्मान, राजकुमार जैन, इन्द्रजीत सिंह व कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन की जिला बैठक संपन्न, आगामी 'राष्ट्र रक्षा यज्ञ' की रूपरेखा तैयार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के तत्वावधान में नरेला जिला कार्यकर्ता चिंतन वर्ग एवं एक महत्वपूर्ण बैठक का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों को वनवासी समाज की संस्कृति, उनके संघर्षों और फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। बैठक के दौरान वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन की ओर से कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का पारंपरिक रूप से सम्मान व स्वागत किया गया। दो महीने बाद होगा भव्य 'राष्ट्र रक्षा यज्ञ': बैठक के मुख्य अतिथि और वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के संगठन प्रभारी, वीरेंद्र भैया ने संगठन की आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए घोषणा की कि आने वाले दो महीनों के भीतर एक विशाल 'राष्ट्र रक्षा यज्ञ' का आयोजन किया जाएगा। वीरेंद्र ने इस यज्ञ के उद्देश्य, इसकी भव्यता और इसमें होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को विस्तार से सभी के सामने रखा और कार्यकर्ताओं से इसके सफल क्रियान्वयन के लिए अभी से जुटने का आह्वान किया। राष्ट्र रक्षा यज्ञ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और वनवासी समाज को मुख्यधारा से और मजबूती से जोड़ने का एक वृहद संकल्प है।

# सिंघोला गांव में फिरनी निर्माण कार्य का विधायक ने किया उद्घाटन, ग्रामीणों को मिलेगी राहत








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नरेला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सिंघोला में विकास कार्यों को गति देते हुए फिरनी (गांव की बाहरी मुख्य सड़क) निर्माण कार्य का स्थानीय विधायक राजकरण खत्री द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। इस ऐतिहासिक शुरूआत के अवसर पर युवा नेता सुमित राणा, गांव के गणमान्य नागरिकों सहित भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। उद्घाटन स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक का फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया और क्षेत्र में विकास कार्य शुरू कराने के लिए आभार जताया।

**गांव की बुनियाद मजबूत होगी, तो नरेला का विकास तेज होगा: विधायक:** इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक राजकरण खत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की आधारभूत और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गांव की बुनियाद मजबूत होगी तो पूरे नरेला का विकास तेज होगा, इसी सोच के साथ यह फिरनी निर्माण एक बड़ा कदम है। सड़क अच्छी होगी तो गांव आगे बढ़ेगा और यह कार्य ग्रामीणों के जीवन को और अधिक आसान बनाएगा। विधायक ने आगे कहा कि फिरनी निर्माण से ग्रामीणों को सालों से हो रही आवागमन की समस्या से मुक्ति मिलेगी और क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। ग्रामीण क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की कड़ी में यह निर्माण कार्य एक निर्णायक कदम साबित होगा।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत नरेला में हुआ पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के नरेला विधानसभा क्षेत्र स्थित पूर्वांचल चौक पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का गरिमामयी आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधे रोपे गए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष आत्माराम ठाकुर, मंडल महामंत्री सुभाष महतो, महामंत्री ओमप्रकाश, विश्वनाथ सिंह, समाजसेवी सागर यादव, शिवजी प्रधान, विजय कुशवाहा, सूरज यादव, अनीता, राजेन्द्र कुमार, रामब्रिज सिंह और सचिन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित समाजसेवी सागर यादव व अन्य लोगों ने पौधारोपण कर अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर सागर यादव ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम सिर्फ पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति और माता के प्रति हमारे सम्मान को दशार्ती है।

उन्होंने कहा कि हम सभी का यह कर्तव्य है कि न केवल पौधे लगाएं, बल्कि एक परिवार के सदस्य की तरह उनकी देखभाल और रक्षा भी करें। बढ़ता प्रदूषण और पर्यावरण असंतुलन आज के समय की सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। इनसे निपटने का एकमात्र प्रभावी तरीका अधिक से अधिक पेड़ लगाना और हरियाली को बढ़ावा देना है।

# दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने खिचड़ीपुर एवं पटपड़गंज वार्ड का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने सोमवार को वार्ड संख्या-167 (खिचड़ीपुर) एवं वार्ड संख्या-168 (पटपड़गंज) का व्यापक निरीक्षण कर क्षेत्र में उपलब्ध नागरिक सुविधाओं, शिक्षा, स्वच्छता एवं आधारभूत ढांचे की समीक्षा की। इस अवसर पर संबंधित वार्ड के निगम पार्षद देवेंद्र कुमार एवं रेणु चौधरी, अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल, उपायुक्त शाहदरा दक्षिण वैरोकपम पुंशीबा सिंह तथा अन्य वरिष्ठ निगम अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली नगर निगम के नेता सदन जय भगवान यादव ने कैलाश विहार में चलाया स्वच्छता अभियान



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** एमसीडी के नेता सदन जय भगवान यादव ने कैलाश विहार, पंसाली (बी-ब्लॉक) में स्वच्छता अभियान एवं क्षेत्रीय निरीक्षण कार्यक्रम में भाग लेकर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान स्थानीय निवासियों और एमसीडी अधिकारियों के साथ क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया गया। अभियान में शहरी केंद्र प्रमुख सोने लाल, मंडल महामंत्री राजेश चौधरी, अजय सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर स्वच्छता का संदेश दिया और स्थानीय लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान जय भगवान यादव ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सार्वजनिक सुविधाओं तथा अन्य स्थानीय समस्याओं का अवलोकन किया। उन्होंने नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# रामकथा में शिव-पार्वती विवाह बना मुख्य आकर्षण, हरीश भारद्वाज परिवार रहा मुख्य यजमान







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के केवल पार्क स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कथा के दौरान भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाह का प्रसंग मुख्य आकर्षण रहा, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भक्ति रस का आनंद लिया।

प्राचीन शिव मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित इस श्री राम कथा के तीसरे दिन व्यासपीठ से भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का प्रसंग विस्तार से सुनाया गया। शिव-पार्वती विवाह के अलौकिक प्रसंग के दौरान पूरा पंडाल भजनों और जयकारों से गूंज उठा।

**हरीश भारद्वाज परिवार ने की मुख्य पूजा**

आज के विशेष आयोजन में हरीश भारद्वाज परिवार ने मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहकर व्यासपीठ और भगवान की आरती उतारी। कथा के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का भी संपादन किया गया। शिव-पार्वती विवाह के पावन प्रसंग के चलते पूरे मंदिर परिसर में उत्सव और उत्साह का माहौल बना रहा।

**14 जून तक बहेगी रसधार, स्वामी पागलदास जी कर रहे कथा वाचन**

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस भव्य श्री राम कथा का आयोजन 14 जून तक प्रतिदिन शाम 4:00 बजे से 7:00 बजे तक प्राचीन शिव मंदिर, केवल पार्क में किया जा रहा है।

इस मौके पर शरत गौतम, ओम प्रकाश शर्मा, शोभा गुप्ता, मदन तायल, शिवकुमार ने प्रसाद सेवा की और इस मौके पर नवीन त्यागी, अजय गुप्ता, ओंकारेश्वर से आये सिद्ध संत, सतीश वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली नगर निगम समस्त कोर कमेटी हुई भंग, 20 जून को होगें चुनाव: खन्ना



**नई दिल्ली:** ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली नगर निगम समस्त कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक गत दिनों सिविल लाईन जोन में हुई। इस बैठक में कमेटी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इस बैठक में दिल्ली नगर निगम समस्त कोर कमेटी को भंग कर दिया गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए आगे बताया कि आगामी 20 जून को दिल्ली नगर निगम समस्त कोर कमेटी का चुनाव होगा और इसमें नया अध्यक्ष चुना जायेगा।

# जहाँगीरपुरी में पीडब्ल्यूडी के अधीन आने वाले नालों की सफाई को लेकर होगा आंदोलन: भास्कर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** रोहिणी जिला कांग्रेस कमेटी एससी/एसटी सेल के अध्यक्ष एम एल भास्कर ने कहा कि जहाँगीर पुरी क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी के अधीन आने वाले नालों की सफाई एवं गाद निकासी को लेकर पिछले लगभग छह महीनों से लगातार संबंधित विभाग तथा दिल्ली सरकार को पत्र लिखे जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

उन्होंने बताया कि जहाँगीर पुरी लाल बत्ती से लेकर थाना जहाँगीर पुरी, ईई ब्लॉक तथा प्रयास संस्था तक स्थित नालों की हालत बेहद खराब है। मानसून का मौसम शुरू होने वाला है, लेकिन अभी तक नालों की समुचित सफाई नहीं कराई गई है। यदि समय रहते सफाई कार्य पूरा नहीं हुआ तो बरसात के दौरान जहाँगीर पुरी के कई ब्लॉकों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिससे हजारों क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। एम एल भास्कर ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठाई जा रही है, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से उदासीनता बरती जा रही है। उन्होंने दिल्ली सरकार एवं पीडब्ल्यूडी विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जून माह के अंत तक नालों की संपूर्ण सफाई एवं गाद निकासी का कार्य पूरा नहीं किया गया, तो उनके नेतृत्व में रोहिणी जिला कांग्रेस कमेटी एससी/एसटी सेल द्वारा पीडब्ल्यूडी कार्यालय का घेराव कर जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

# श्रीरामचरितमानस पाठ का 23वां दिन, सीता खोज के प्रसंग पर भावुक हुए श्रद्धालु





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आदर्श नगर स्थित केवल पार्क के जनता भवन धर्मशाला में चल रहे 30 दिवसीय श्रीरामचरितमानस मास पारायण पाठ के 23वें दिन श्रद्धा और भव्यता का अनूठा रूप देखने को मिला। पाठ के बढ़ने के साथ ही भक्तों का उत्साह भी चरम पर है, जिससे पूरा परिसर पूर्णतः राममय और भक्तिमय नजर आ रहा है।

**वानर सेना संग हनुमान जी का सीता खोज के लिए प्रस्थान**

पाठ के 23वें दिन व्यासपीठ से आचार्य राजवीर शास्त्री ने प्रभु श्री राम जी से आज्ञा लेकर माता सीता जी की खोज में हनुमान जी का वानर सेना के साथ प्रस्थान करने का बेहद भावपूर्ण और मनोहारी वर्णन किया। इस मर्मस्पर्शी प्रसंग को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। इसके उपरांत, सुप्रसिद्ध गायिका कपिला लाडली के भजनों पर उपस्थित भक्तगण झूमने और थिरकने पर मजबूर हो गए।

**मुख्य यजमान ने की पूजा-अर्चना:** महंत अनिल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दिव्य अनुष्ठान के तहत आज मुख्य यजमान अशोक बंसल एवं यजमान अशोक गर्ग (पत्थर वाले) ने सपरिवार विधि-विधान से पूजा-अर्चना की, जिसके बाद आज के पाठ का विधिवत शुभारंभ हुआ।

**आखिरी सप्ताह में शामिल होने की अपील**

श्री आदर्श कला केंद्र के समस्त पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से बताया कि इस मास पारायण पाठ में प्रतिदिन क्षेत्र के सैकड़ों राम भक्तों के साथ गणमान्य नागरिक संगीतमय रामचरितमानस पाठ का आनंद ले रहे हैं। समिति के सदस्य सभी भक्तों और सहयोगियों के बैठने की सुचारू व्यवस्था और प्रसाद वितरण की सेवा पूरी श्रद्धा और सेवा भाव से संभाल रहे हैं। चूंकि पाठ अपने अंतिम पड़ाव पर है, इसलिए समिति ने क्षेत्रवासियों से विशेष अपील की है, जो श्रद्धालु अभी तक इस दिव्य आयोजन का हिस्सा नहीं बन पाए हैं, वे इस आखिरी सप्ताह में अवश्य पधारें और प्रभु श्रीराम की असीम कृपा का आशीर्वाद प्राप्त करें।

**मार्गदर्शक अशोक गर्ग का मनाया गया जन्मदिवस**

आज का दिन आयोजन समिति के लिए एक और वजह से बेहद खास रहा। श्री आदर्श कला केंद्र के समस्त सदस्यों ने मिलकर संस्था के मार्गदर्शक अशोक गर्ग का 77वां जन्मदिन केक काटकर बेहद धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औरैया एसपी अभिषेक भारती की सराहना की



**टीम एक्शन इंडिया**
**औरैया।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से औरैया जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एवं 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी अभिषेक भारती ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिले की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग व्यवस्था को लेकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मुलाकात के दौरान एसपी अभिषेक भारती ने मुख्यमंत्री को जिले में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों, विभिन्न मामलों के सफल खुलासों तथा कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। जिले में हाल ही में हुए कई महत्वपूर्ण मामलों के सफल अनावरण और अपराध नियंत्रण की स्थिति से अवगत होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसपी अभिषेक भारती के कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इसी तरह सक्रिय एवं प्रभावी पुलिसिंग जारी रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए तथा जनता में सुरक्षा का विश्वास और अधिक मजबूत किया जाए। एसपी अभिषेक भारती ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि शासन की मंशा और निर्देशों के अनुरूप जिले में बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था बनाए रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो। अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। मुलाकात के दौरान एसपी अभिषेक भारती ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनका एक आकर्षक चित्र (सीनरी) भी भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस उपहार को स्वीकार करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि आईपीएस अभिषेक भारती अपनी सख्त कार्यशैली और अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए जाने जाते हैं। उनके नेतृत्व में औरैया पुलिस लगातार अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रही है, जिससे जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आमजन का भरोसा और अधिक मजबूत हुआ है।

## योगी सरकार की औद्योगिक नीति का असर, पांच जिलों में विकसित हो रहे आधुनिक टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख टेक्सटाइल एवं परिधान विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में संत कबीर टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क योजना तेजी से आगे बढ़ रही है। योगी सरकार ने वाराणसी, अमरोहा, बरेली, संत कबीर नगर और बिजनौर में पांच बड़े टेक्सटाइल पार्क विकसित करने की योजना बनाई है। इन पार्कों के लिए कुल 326 एकड़ से अधिक भूमि चिह्नित की गई है और सभी भूमि पार्सलों के हस्तांतरण को मंत्रिमंडल की मंजूरी भी मिल चुकी है। इस योजना के तहत वाराणसी के रामना में 75 एकड़, अमरोहा में 79.825 एकड़, बरेली के बहेड़ी में 79.580 एकड़, संत कबीर नगर के मगहर में 39.490 एकड़ तथा बिजनौर के नगीना में 52.910 एकड़ भूमि पर पार्क विकसित किए जाएंगे। सभी परियोजनाएं सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर स्थापित होंगी। सरकार का लक्ष्य निवेश आकर्षित करने के साथ-साथ प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना है। परियोजना के क्रियान्वयन के लिए प्राधिकरण गठन की अधिसूचना जारी की जा चुकी है।

# नारनौल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नमो कमल कार्यालय का किया उद्घाटन

**जिला कार्यालय**

**नारनौल की वीर भूमि साधारण भूमि नहीं है। यह च्यवन ऋषि की तपोभूमि है : सीएम सैनी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नारनौल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को नारनौल में भारतीय जनता पार्टी के नए जिला कार्यालय नमो कमल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा समर्थकों ने भी भाग लिया। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नारनौल की वीर भूमि साधारण भूमि नहीं है। यह च्यवन ऋषि की तपोभूमि है, जहां की मिट्टी में हजारों वर्षों की तपस्या और संस्कृति की सुगंध समाई हुई है। उन्होंने कहा कि इस पावन धरती पर आकर उन्हें गर्व और खुशी की अनुभूति हो रही है। नारनौल की भूमि ने देश की रक्षा के लिए अनेक वीर सपूत दिए हैं, जिन्होंने हर संकट में राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का यह भव्य, आधुनिक और सुसज्जित जिला कार्यालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि संगठन की शक्ति और कार्यकताओं की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने सभी कार्यकताओं को कार्यालय के उद्घाटन की बधाई देते हुए कहा कि यह नमो कमल कार्यालय प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणापुंज बनेगा। यहां से पार्टी की रीति-नीति, विकास का विजन और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। नायब सिंह सैनी ने कहा कि राजनीतिक दलों के लिए कार्यालय केवल पत्थरों से बना ढांचा नहीं होता, बल्कि भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं के लिए यह एक पवित्र मंदिर के समान है। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कई राजनीतिक दल परिवारवाद और वंशवाद की राजनीति तक सीमित है।

## राज्यसभा चुनावः डॉ. सतीश पूनिया और डॉ. अलका गुर्जर ने भरा नामांकन



**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा उम्मीदवार डॉ. सतीश पूनिया और डॉ. अलका गुर्जर ने सोमवार को राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित पार्टी के कई मंत्री, विधायक और वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। नामांकन से पूर्व भाजपा प्रदेश मुख्यालय में दोनों उम्मीदवारों का स्वागत एवं सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। नामांकन के बाद डॉ. सतीश पूनिया ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा ने एक साधारण कार्यकर्ता पर भरोसा जताकर उसे देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्थाओं में प्रतिनिधित्व का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा में

**संगठन**

**भाजपा में कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं : सतीश पूनिया**

कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं और पार्टी हमेशा समर्पण, मेहनत तथा संगठन के प्रति निष्ठा का सम्मान करती है। पूनिया ने कहा कि राज्यसभा में पहुंचने के बाद वे राजस्थान के हितों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और वे उसी सोच को आगे बढ़ाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सच हो रहा विकसित भारत का संकल्पः सीएम धामी



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सशक्त, सक्षम और स्वाभिमानी भारत का सपना सच हो रहा है। साथ ही प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखंड भी नवोदय का संकल्प पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को केंद्र में लगातार 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने पर बधाई प्रेषित की हैं।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज तीव्र विकास कर रहा है। पीएम आवास योजना के तहत चार करोड़ पक्के घर, 81 करोड़ लोगों को हर माह मुफ्त राशन, 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत के तहत निशुल्क उपचार की सुविधा और 40 लाख करोड़ रुपये का गारंटी मुक्त मुद्रा ऋण–यह सब अंत्योदय को समर्पित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा मनीषी ही कर सकता है। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले सात दशक तक देश में कुल 3.2 करोड़ घरों में ही नल से पेयजल आपूर्ति हो पा रही थी, अब यह आंकड़ा चार गुना से अधिक बढ़कर 16 करोड़ तक पहुंच गया है। 2014 तक देश के

**संकल्प**

**प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखंड भी नवोदय का संकल्प पूरा कर रही है**

केवल 5 शहर ही मेट्रो ट्रेन से जुड़े थे, अब इन शहरों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। मेट्रो रेल नेटवर्क भी 248 किलोमीटर से बढ़कर 1155 किलोमीटर हो गया है।

**दुनिया का नेतृत्व कर रहा भारत**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया को हर क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान कर रहा है। दुनिया के कुल डिजिटल लेन-देन का 56 प्रतिशत अकेले भारत में हो रहा है। कभी अपनी रक्षा जरूरतों के लिए विदेशों पर निर्भर रहने वाला भारत आज रक्षा उत्पादन और निर्यात के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है।
अंतरिक्ष से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्टार्टअप से लेकर सेमीकंडक्टर निर्माण तक, भारत आत्मनिर्भरता के नए अध्याय लिख रहा है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी वंदन के अपने संकल्प को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन दिया है। ऑपरेशन सिंदूर में भारत की यही नारी शक्ति दुश्मन देश पर भारी पड़ी। कभी देश बाह्य प्रायोजित आतंकवाद के साथ ही देश के अंदर पलने वाले नक्सल आतंक का शिकार था, आज देश नक्सल हिंसा को निर्णायक रूप से नियंत्रित करने के साथ-साथ सीमा पार स्थित आतंकी ढांचों को निशाना बनाने का साहस भी रखता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का जो राष्ट्रीय विजन आकार ले रहा है, उसका प्रभाव देश के प्रत्येक राज्य में दिखाई दे रहा है।

## राज्यसभा चुनाव को भाजपा ने बनाया धनबल का खेल : कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**
**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी को भारतीय जनता पार्टी की ओर से समर्थन देने की आलोचना की है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने मामले पर सोमवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि भाजपा का यह निर्णय लोकतांत्रिक मूल्यों के बजाय थैलीशाही और धनबल की राजनीति को बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने ने कहा कि भाजपा का यह कदम इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि उसे अब अपने ही नेताओं, कार्यकताओं और संगठन पर भरोसा नहीं रह गया है। जिस पार्टी के पास देश और राज्य में बड़ा संगठन होने का दावा है, वह यदि राज्यसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार खड़ा करने के बजाय एक निर्दलीय उम्मीदवार के पीछे खड़ी होती है, तो यह उसके आत्मविश्वास की कमी को दर्शाती है। आरोप लगाया कि भाजपा लगातार विचारधारा और सिद्धांतों की राजनीति की बात करती है, लेकिन व्यवहार में वह धनबल और प्रभावशाली व्यक्तियों के सहारे राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास करती है।

## ग्राम पंचायतों में सुरक्षित पेयजल व्यवस्था को मिलेगी नई गति

**प्रतिबद्ध**

**स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा डिजिटल सुविधाओं का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सोमवार को विधानसभा के मुख्य भवन के कक्ष कार्यालय में पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों के समग्र विकास से जुड़ी सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा डिजिटल सुविधाओं का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में मंत्री ने ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी (बाल एवं किशोर पुस्तकालय) की स्थापना की प्रगति का विस्तृत आकलन किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में ग्रामीण बच्चों और युवाओं को आधुनिक शिक्षा संसाधनों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। डिजिटल लाइब्रेरी न केवल विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराएगी, बल्कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी शिक्षा और डिजिटल ज्ञान से भी जोड़ने का कार्य करेगी।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन ग्राम पंचायतों में अभी तक यह सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है, वहां शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर कार्यवाही पूर्ण की जाए। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई।

# नॉर्वे शतरंज चैंपियन प्रज्ञानानंद का सम्मान, मुख्यमंत्री ने खेली शतरंज की बाजी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चेन्नई।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने नॉर्वे शतरंज-2026 का खिताब जीतकर इतिहास रचने के बाद सोमवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें सम्मानित करते हुए 50 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। दोनों के बीच एक मैत्रीपूर्ण शतरंज मुकाबला भी खेला गया, जिसकी चर्चा सोशल मीडिया पर खूब हो रही है। चेन्नई सचिवालय में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान प्रज्ञानानंद ने अपनी विजेता ट्रॉफी मुख्यमंत्री को दिखाई। मुख्यमंत्री विजय ने उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सफलता ने भारत और तमिलनाडु का गौरव बढ़ाया है। राज्य सरकार की ओर से उन्हें 50 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि और स्मृति चिह्न भेंट किया गया। मुलाकात का सबसे रोचक क्षण तब आया, जब मुख्यमंत्री विजय ने स्वयं शतरंज बोर्ड मंगवाकर प्रज्ञानानंद के साथ एक मैत्रीपूर्ण मुकाबला खेला। आमतौर पर किसी विश्वस्तरीय ग्रैंडमास्टर के सामने सामान्य खिलाड़ी कुछ ही मिनटों में हार मान लेते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ने लगभग 15 मिनट तक मुकाबला किया। अंततः प्रज्ञानानंद ने उन्हें चेकमेट देकर जीत दर्ज की। इस मुकाबले का वीडियो सामने आने के बाद लोग

**प्रोत्साहन राशि**

**मुख्यमंत्री ने उन्हें सम्मानित करते हुए 50 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की**

मुख्यमंत्री की शतरंज समझ और खेल कौशल की भी सराहना कर रहे हैं। तमिलनाडु सरकार द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, प्रज्ञानानंद को राज्य की ₹एलाइट₹ योजना के तहत प्रतिवर्ष 30 लाख रुपये की विशेष सहायता भी प्रदान की जाती है। राज्य सरकार शतरंज के विकास और खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैयार करने के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित कर रही है। इसी कड़ी में चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर में ₹होम ऑफ चेस₹ नामक विशेष शतरंज अकादमी स्थापित की गई है। यहां खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं, विशेषज्ञ कोचिंग और प्रतियोगी माहौल उपलब्ध कराया जाता है। अकादमी का उद्देश्य अधिक से अधिक खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मास्टर और ग्रैंडमास्टर स्तर तक पहुंचाना है।
मीडिया से बातचीत में प्रज्ञानानंद ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनकी जीत से भारत और तमिलनाडु का सम्मान बढ़ा है।

# बिहार में पीएम आवास योजना-2.0 के लिए 262.37 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त मंजूर



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** बिहार सरकार ने सबके लिए आवास के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री आवास (शहरी) योजना-2.0 के तहत राज्य की 200 लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी) परियोजनाओं के लिए 262.37 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त के व्यय को मंजूरी दी है। नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि स्वीकृत राशि से राज्य के पात्र लाभार्थियों को आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने में मदद मिलेगी। साथ ही शहरी गरीब परिवारों को सम्मानजनक और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के लक्ष्य को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार प्रधानमंत्री आवास (शहरी) योजना-2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूरी प्रतिबद्धता और तत्परता के साथ कार्य कर रही है।
शहरी क्षेत्रों में रहने वाले प्रत्येक पात्र और जरूरतमंद परिवार को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण तथा सम्मानजनक पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए।

# बिहार विधान परिषद चुनावः राजग के सभी नौ उम्मीदवारों ने भरा नामांकन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** बिहार विधान परिषद की नौ सीटों पर होने वाले चुनाव तथा एक सीट पर उपचुनाव के लिए सोमवार को नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गई। नामांकन के अंतिम दिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने अपनी पूरी ताकत का प्रदर्शन करते हुए सभी नौ उम्मीदवारों का नामांकन दाखिल कराया। वहीं महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार सुनील कुमार सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान राजधानी पटना में राजनीतिक गतिविधियां पूरे दिन तेज रहीं। राजग उम्मीदवारों के नामांकन कार्यक्रम में राज्य सरकार और केंद्र सरकार के कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने इसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान,जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी सहित कई मंत्री, विधायक और गठबंधन दलों के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने विधान परिषद चुनाव के लिए चार उम्मीदवारों तथा एक विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। पार्टी की ओर से मंत्री निशांत कुमार, भारती मेहता, शिवरानी देवी प्रजापति ने विधान परिषद चुनाव के लिए नामांकन किया। वहीं उपचुनाव के लिए ललन प्रसाद ने अपना पर्चा दाखिल किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विधान परिषद चुनाव के लिए चार उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। पार्टी की ओर से संजय मयूख, अनिल कुमार ठाकुर, शीला पंडित तथा भोजपुरी फिल्म अभिनेता से राजनीति में आए पवन सिंह ने नामांकन दाखिल किया। राजग की सहयोगी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से अशरफ अंसारी ने विधान परिषद चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके साथ ही राजग ने सभी नौ सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों का नामांकन पूरा कर लिया। दूसरी ओर महागठबंधन की तरफ से राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार सुनील कुमार सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। उनके नामांकन के साथ ही चुनावी मुकाबले की तस्वीर और स्पष्ट हो गई है।
विधान परिषद की इन सीटों के चुनाव को बिहार की राजनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब उम्मीदवारों की जांच, नाम वापसी और मतदान की तैयारियों पर राजनीतिक दलों की नजर रहेगी। विधानसभा में संख्याबल के आधार पर राजग को बढ़त मिलती दिखाई दे रही है, लेकिन विपक्ष भी इस चुनाव को राजनीतिक संदेश देने के अवसर के रूप में देख रहा है।

## जनता ने भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति अस्वीकार की : पंकज चौधरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**झांसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने सोमवार को विपक्षी गठबंधन इंडी एलायंस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन लगातार नकारात्मक और भ्रामक नैरेटिव फैलाने का प्रयास कर रहा है, लेकिन जनता अब इन बातों को समझ चुकी है और समय आने पर इसका जवाब भी देती है। बिहार और बंगाल के नतीजों से यह साबित होता है कि जनता भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति को स्वीकार नहीं कर रही है।